संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 112 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नौसेना ने युद्धपोत सूरत से अरब सागर में दागी मिसाइल



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने गुरुवार सुबह युद्धपोत आईएनएस सूरत से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) सफलतापूर्वक दागी। इससे जहाज रोधी मिसाइलों को संलग्न करने की क्षमता प्रमाणित हुई है। यह परीक्षण ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर में किया गया। मिसाइल ने हवाई लक्ष्यों को रोक दिया और दोनों सीमाओं पर सीधे हिट करते हुए उन्हें पूरी तरह से नष्ट कर दिया। भारतीय नौसेना के नवीनतम निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस सूरत ने आज अरब सागर में स्थित एक लक्ष्य पर 70 किलोमीटर की अवरोधन सीमा वाली मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। हवाई रक्षा के लिए एमआरएसएएम हर मौसम में 360 डिग्री पर काम करने वाली हवाई रक्षा प्रणाली है, जो किसी भी संघर्ष क्षेत्र में विविध तरह के खतरों के खिलाफ संवेदनशील क्षेत्रों की हवाई सुरक्षा करेगी।

# बिहार के अलौली में पहली बार ट्रेन दौड़ी, प्रधानमंत्री ने दिखायी हरी झंडी

टीम एक्शन इंडिया
**पटना/मधुबनी।** बिहार के खगड़िया जिले के लिए आज का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। पूर्व केंद्रीय मंत्री और दिग्गज नेता स्व. रामविलास पासवान के गृह क्षेत्र खगड़िया के अलौली में पहली बार ट्रेन दौड़ने लगी। इस बहुप्रतीक्षित रेल सेवा का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाकर किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल गुरुवार को मधुबनी से खगड़िया-अलौली रेलखंड का लोकार्पण किया। जिसके बाद



स्पेशन ट्रेन अलौली स्टेशन से सहरसा के लिए रवाना की गई। तत्कालीन रेल मंत्री रामविलास पासवान ने 1998 में खगड़िया-कुशेश्वर रेलखंड की परियोजना की मंजूरी दी थी। इसी परियोजना के तहत खगड़िया-अलौली रेलखंड के बीच आज ट्रेन का परिचालन शुरू हुआ। हालांकि

### पीएम मोदी के सामने नीतीश का खुलासा, मंत्री की ओर इशारा कर बोले- 'इनके कारण एनडीए से निकले

**पटना/मधुबनी:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर पलटने का आरोप लगता रहा है। जब वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से निकले तो भारतीय जनता पार्टी यह आरोप लगा रही थी और जब-जब वह महागठबंधन से निकले तो राष्ट्रीय जनता दल ने यह आरोप लगाया। लेकिन, अब सीएम नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने खुले मंच से केंद्रीय मंत्री की ओर इशारा करते हुए साफ-साफ बता दिया कि इनके कारण एनडीए से निकले थे और जब इन्हें समझ में आया तो वापस एनडीए में आ गए। सीएम नीतीश कुमार ने उनकी ओर इशारा करते हुए साफ-साफ बता दिया कि इन्हीं की वजह से एनडीए से निकले थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रौ में थे। उन्होंने केंद्र और राज्य में एनडीए सरकार की चर्चा करते हुए कहा- "हम लोग एक ही साथ रहे हैं। बीच में हम गड़बड़ कर दिये... हमारे पार्टिया वाला... (ललन सिंह की ओर इशारा करते हुए) यहीं तो बैठे हुए हैं। इन्हीं से पूछिए। वह तो बाद में इन्हीं (ललन सिंह) को लगा कि वह गड़बड़ है, इसलिए उसको (लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल) छोड़ दीजिए।

### हरी झंडी

खगड़िया-कुशेश्वर के बीच 44 किलोमीटर लंबा रेलखंड बनना है, लेकिन अभी केवल 18 किलोमीटर तक ही काम पूरा हो पाया

खगड़िया-कुशेश्वर के बीच 44 किलोमीटर लंबा रेलखंड बनना है, लेकिन अभी केवल 18 किलोमीटर तक ही काम पूरा हो पाया है।

### फास्ट न्यूज

## डॉलर के मुकाबले 17 पैसे की मजबूती के साथ बंद हुआ रुपया

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** डॉलर इंडेक्स की कमजोरी और मुद्रा बाजार में डॉलर की आवक जारी रहने के कारण आज रुपया डॉलर की तुलना में 17 पैसे की मजबूती के साथ 85.26 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय मुद्रा 85.43 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ की थी। पूरे दिन उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद रुपये ने न केवल निचले स्तर से रिकवरी की, बल्कि डॉलर की तुलना में मजबूत स्थिति में पहुंच कर बंद हुआ।
भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 15 पैसे की कमजोरी के साथ 85.58 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरूआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर की मांग बढ़ने पर रुपया 24 पैसे फिसल कर 85.67 के स्तर तक भी आ गया था, लेकिन इसके बाद डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपया 19 पैसा मजबूत होकर 85.24 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि बाद में शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण बढ़ी डॉलर की मांग के कारण रुपया ऊपरी स्तर से थोड़ा गिर कर 85.26 के स्तर पर बंद हुआ।
भारतीय मुद्रा रुपये ने डॉलर के साथ ही ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी मजबूती दिखाई। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 36 पैसे की मजबूती के साथ 113.43 के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 46 पैसे की मजबूती के साथ 97.07 के स्तर पर पहुंचने में सफल रहा।

## सुप्रीम कोर्ट करेगा गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले की सुनवाई

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले की सुनवाई 6 एवं 7 मई को करेगा। जस्टिस जेके माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। कोर्ट ने इस मामले के एक दोषी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े से कहा कि वे इस मामले के संबंध में विस्तृत हलफनामा 3 मई तक दाखिल करें। इस मामले में गुजरात सरकार के अलावा कई दोषियों ने गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों और साजिशकर्ताओं को उनकी कल्पना से परे सजा दी जाएगी : प्रधानमंत्री, पहलगाम हमले पर सरकार ने मानी चूकी, सर्वदलीय बैठक में राहुल गांधी ने कहा- हम सरकार के साथ

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आया: प्रधानमंत्री मोदी

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बिहार के मधुबनी में एक जनसभा के दौरान कहा कि पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों और साजिशकर्ताओं को उनकी कल्पना से परे सजा दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई और किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई ओड़िया, कोई मराठी था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुःख और आक्रोश एक जैसा है। प्रधानमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। उन्होंने कहा, मैं पूरी दुनिया से कहता हूं कि भारत हर आतंकी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा, उन्हें ट्रैक करेगा और उन्हें दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को सजा मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।



### पाक को व्यापार के मोर्चे पर भी झटका देने की तैयारी

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान को व्यापार के मोर्चे पर भी करारा झटका देने के मूड में है। सिंधु जल संधि को निलंबित करने और पाकिस्तानियों का वीजा रद्द करने जैसे कड़े फैसले लेने के बाद अब भारत सरकार दोनों देशों के बीच अनौपचारिक चैनल के जरिये अभी भी जारी व्यापार (इनडायरेक्ट ट्रेड) पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी है। वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी के अनुसार अगले एक-दो दिन में ही पाकिस्तान से होने वाले इंपोर्ट और पाकिस्तान को होने वाले एक्सपोर्ट दोनों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सकती है। इसके लिए मंत्रालय की ओर से इंटरनल नोट तैयार कर लिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच के व्यापारिक संबंध पहले ही न्यूनतम स्तर पर हैं।



### कई देशों के राजदूतों को सूचना से कराया अवगतत

टीम एक्शन इंडिया
जर्मनी, जापान, पोलैंड, ब्रिटेन और रूस समेत कई देशों के राजदूत विदेश मंत्रालय के साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने चुनिंदा देशों के राजदूतों को पहलगाम हमले के बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने जी20 देशों के चुनिंदा राजदूतों को पहलगाम आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी, जिनमें चीन और कनाडा भी शामिल हैं।
यह बैठक करीब 30 मिनट तक चली।
इससे पहले बुधवार की आधी रात विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद को भी तलब किया। भारत सरकार ने साद को औपचारिक 'पर्सोना नॉन ग्राटा' नोट सौंपा।

### सेना प्रमुख आज पहलगाम जाएंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी पहलगाम हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का दौरा करेंगे। पहलगाम में आतंकवादी हमले के एक दिन बाद जम्मू-कश्मीर के उधमपुर के बसंतगढ़ में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में एक सैनिक का सर्वोच्च बलिदान हुआ है। सेना प्रमुख को शीर्ष कमांडर घाटी में और नियंत्रण रेखा पर सैन्य आतंकवाद विरोधी उपायों के बारे में जानकारी देंगे।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

### वीजा रद्द, जल्द से जल्द पाकिस्तान लौटें पाकिस्तानी

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** भारत ने सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक में लिए गए निर्णयों के बाद आज कहा कि देश में रह रहे सभी पाकिस्तानियों का वीजा 27 अप्रैल और मेडिकल वीजा 29 अप्रैल तक ही वैध रहेगा। यहां मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को अब जल्द से जल्द भारत छोड़ देना चाहिए। वहीं पाकिस्तान में रह रहे भारतीयों को जल्द से जल्द स्वदेश लौटने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सीसीएस द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रभाव से वीजा सेवाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध रहेंगे।

## 'आतंकियों के सामने बिंदी उतारी, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए'

टीम एक्शन इंडिया
**पुणे:** जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में महाराष्ट्र के पुणे जिले के रहने वाले कौस्तुभ गणबोटे की भी आतंकियों ने हत्या की थी। वहीं कौस्तुभ की पत्नी संगीता ने इस भीषण आतंकी हमले की दास्तां बयां की है। जिसे सुनकर हर किसी का खून खौल उठेगा। संगीता ने बताया कि कैसे उसने और उसके साथ गए समूह की अन्य महिलाओं ने हमलावरों को पुरुषों से 'अजान' पढ़ने के लिए कहते हुए देखा और तुरंत अपने माथे से बिंदी हटा दी और 'अल्लाहु अकबर' का नारा लगाना शुरू कर दिया। लेकिन उनकी तरफ से अपनी धार्मिक पहचान छिपाने के लिए किए गए ये प्रयास काम नहीं आए क्योंकि बंदूकधारी आतंकवादियों ने महिला के पति और उसके दोस्त को भी नहीं छोड़ा, जो पुणे का ही रहने वाला था।



**शरद पवार ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी**
संगीता के पति कौस्तुभ गणबोटे उन 26 लोगों में शामिल हैं, जिनकी हत्या आतंकवादियों की तरफ से 22 अप्रैल को पहलगाम के बायसरन में की गई। संगीता गणबोटे ने बताया कि, इस हमले के दौरान जब एक स्थानीय मुस्लिम व्यक्ति ने हमलावरों से पूछा कि वे निर्दोष लोगों को क्यों मार रहे हैं, तो उन्होंने उसे नंगा कर दिया और गोली मार दी। संगीता ने शरद पवार से उस भयावह अनुभव को साझा किया, जब एनसीपी (एसपी) प्रमुख शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मिलने गए थे, जहां उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

## *खिलाड़ियों को आवेदन की जरूरत नहीं, अब सरकार खुद देगी इनाम*



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में डिजीलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाणपत्र जारी करने के पहल की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च का भी उद्घाटन किया। डॉ. मांडविया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार की हर खेल पहल खिलाड़ी-केंद्रित है। उन्होंने बताया कि नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2024, नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी 2024 और एज फ्रॉड के खिलाफ नेशनल कोड 2025 जैसे कदम सरकार की पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## पहलगाम मुद्दे पर कांग्रेस ने की सीडब्ल्यूसी की बैठक

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पहलगाम हमले के मद्देनजर अपनी सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में बैठक की। बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में आतंकी हमले की निंदा करते हुए शांति की अपील की गई। पार्टी ने भाजपा पर निशाना साधा और जम्मू-कश्मीर के लोगों की आजीविका पर हमले के असर पर चिंता जाहिर की। कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह इस गंभीर त्रासदी का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही है।




### सुरक्षा चूक की व्यापक और गहन जांच की जानी चाहिए

पार्टी ने कहा कि पहलगाम अत्यंत सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है। यहां त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है। केंद्रशासित प्रदेश होने के नाते कानून-व्यवस्था सीधे-सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है। हमले को अंजाम देने में हुई खुफिया विफलताओं और सुरक्षा चूक की व्यापक और गहन जांच की जानी चाहिए। कांग्रेस ने अमरनाथ यात्रा की तैयारी के मद्देनजर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की मांग की।

## *ग्रीन-फील्ड खनन में तेजी लाने की जरूरत: पीएम मोदी*



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उद्योग से देश में इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए अप्रयुक्त ग्रीनफील्ड खदानों में लौह अयस्क खनन को तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि आवंटित खदानों और देश के संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुंबई के बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर में सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय इस्पात कार्यक्रम इंडिया स्टील-2025 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अप्रयुक्त ग्रीनफील्ड खदानों के मुद्दे को संबोधित करने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछले दशक में महत्वपूर्ण खनन सुधार पेश किए गए हैं।

### समीक्षा की

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की

## आईटीबीपी के सहयोग से प्रदेश में सीमा पर्यटन को दिया जाएगा बढ़ावा: मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा
**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से गत दिवस को भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के उत्तरी सीमांत मुख्यालय देहरादून के सीमांत कमांडर संजय गुंज्याल ने भेंट की। बैठक के दौरान प्रदेश के सीमावर्ती जिलों किन्नौर एवं लाहौल-स्पीति में आईटीबीपी की भूमिका व भारत-चीन सीमा सुरक्षा से सम्बन्धित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।
इस अवसर पर राज्य के सीमांत अग्रिम क्षेत्रों में सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने की कार्ययोजना,



सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आईटीबीपी को आपूर्ति के लिए स्थानीय उत्पादों की खरीद, आईटीबीपी के स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने सहित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत आईटीबीपी के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केन्द्रों से और बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आईटीबीपी के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित हेलीपैडों को दूर-दराज क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। इसके लिए बल के साथ विस्तृत चर्चा कर सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी। इससे सम्पर्क सुविधा भी सशक्त होगी। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए अनेक कदम उठा रही है। ग्रामीण आर्थिकी को सशक्त करने के लिए आईटीबीपी यदि स्थानीय लोगों से खाद्य उत्पाद क्रय करती है, तो इससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे और किसान-बागवान भी लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने बल के अधिकारियों से कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद स्थानीय लोगों को विशेष प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने प्रदेश सरकार के अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों में संचार टावर स्थापित करने के लिए सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### पर्यटन

स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने सहित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की

## राणा की परिजनों से बात करने की याचिका खारिज

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की अपने परिजनों से बात करने की याचिका खारिज कर दी। गुरुवार को विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा के आवेदन पर उसके अधिवक्ता और एनआईए की दलील सुनने के बाद कहा कि राणा को परिजनों से बात करने की अनुमति नहीं है।

**इस बिंदु पर खारिज हुई याचिका**
23 अप्रैल को एनआईए ने राणा की याचिका का विरोध करते हुए दलील दी थी कि उसको अगर अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति दी गई, तो वह महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर सकता है।



**ये राणा का मौलिक अधिकार**
एजेंसी ने कहा कि मामला अभी महत्वपूर्ण चरण में है। वहीं, राणा की ओर से पेश अधिवक्ता ने दलील दी थी कि विदेशी नागरिक होने के नाते ये राणा का मौलिक अधिकार है कि वह अपने परिवार से बात करे, जो उसके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। बता दें कि पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी राणा (64 वर्षीय) को 10 अप्रैल को कोर्ट ने 18 दिन की हिरासत में भेज दिया था। एनआईए ने आरोप लगाया कि डेविड कोलमैन हेडली अपराधी साजिश का हिस्सा था, उसने भारत आने से पहले राणा से पूरी योजना पर चर्चा की थी।

# मेयर चुनाव का वहिष्कार करेगी आआपाः ओबेरॉय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने शुक्रवार को होने वाले दिल्ली के मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव का पूरी तरह से वहिष्कार करने का एलान किया है। पार्टी का कहना है कि उसके पार्षद मेयर और डिप्टी मेयर के लिए कल होने वाले मतदान में भाग नहीं लेंगे। पार्टी ने इस बार इन पदों के लिए कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया है। मुकाबला इस बार भाजपा और कांग्रेस के बीच है। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। दिल्ली की पूर्व मेयर शैली ओबेरॉय, नेता सदन मुकेश गोयल और पार्षद अंकुश नारंग ने पार्टी मुख्यालय पर गुरुवार को प्रेसवार्ता कर बहिष्कार की जानकारी दी। शैली ओबेरॉय ने कहा कि शुक्रवार को एमसीडी मेयर का चुनाव होने जा रहा है। आआपा शुक्रवार को होने वाले मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव का पूरी तरह से वहिष्कार करेगी। इस बार आआपा मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव में भाग नहीं लेगी। अब दिल्ली में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार होगी। केंद्र व राज्य के अलावा अब एमसीडी में भी भाजपा का बहुमत है। हमें उम्मीद है कि भाजपा जनता से किए अपने सारे वादों को पूरा करेगी और कोई भी बहाना नहीं बनाएगी। आआपा विपक्ष की भूमिका बड़ी रचनात्मक तरीके से निभाएगी और भाजपा को उसकी जवाबदेही तय करेगी। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि पिछले दो वर्षों में एमसीडी की आआपा की सरकार ने दिल्ली की जनता के लिए जो भी योजनाएं लेकर आई, उसे भाजपा के दबाव में निगमायुक्त ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया। हम हाउस टैक्स का प्रस्ताव लाए। इसमें दिल्ली की जनता को छूट थी कि 100 गज से कम के मकान का हाउस टैक्स माफ होगा और 100 से 500 वर्ग गज तक का हाउस टैक्स आधा होगा। यह दिल्ली की जनता को बहुत बड़ी राहत देने की बात थी। यह प्रस्ताव हाउस से पास हुआ। इसके बावजूद भाजपा के दबाव में कमिश्नर ने इसे लागू नहीं किया। इसके कर्मचारियों को पक्का करने का प्रस्ताव पास किया।

## पहलगाम आतंकी हमले की की पहले से थी जानकारी

**नई दिल्ली।** जम्मू के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वहीं, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने दावा किया कि उसे पहलगाम हमले की पहले से जानकारी थी। लेकिन दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो हैरान करने वाली बात सामने आई। दरअसल, दिल्ली पुलिस को कल यानी बुधवार देर रात एक कॉल आया, जिसमें शकरपुर निवासी टेंपो चालक सुबोध ने दावा किया कि उसे पहलगाम आतंकी हमले के बारे में पहले से जानकारी थी।

### आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 03/ईटी/2025–26 दिनांक: 23.04.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 06241109बी | सप्लाई एन्ड अप्लीकेशन ऑफ एन्टी कोसिव पेंट | 2000 लीटर | 15/05/2025 |
| 02 | 03242180 | सप्लाई एन्ड इंस्टालेशन ऑफ एफआरपी मॉडूलर टॉयलट फॉर एलएचबी जीएस कोचेज | 300 सेट | 15/05/2025 |
| 03 | 12241300 | सेन्टेरिंग डिस्क फॉर प्राईमरी सस्पेन्शन | 27240 नग | 28/05/2025 |
| | | सेन्टरिंग डिस्क | 2325 नग | |
| 04 | 12241383ए | ब्रेक सपोर्ट | 7497 नग | 27/05/2025 |
| 05 | 15255045 | व्हील डिस्क स्टैंड | 300 नग | 09/05/2025 |
| 06 | 11241386 | माउटिंग एआरआरजीटी ऑफ सलाईडिंग डोर आर.एच एंड एल.एच फॉर लागेज रूम | 130 नग | 03/06/2025 |
| 07 | 11241382 | रूफ सीटिंग कम्पलीट फॉर एसी–2 टियर कोचेज (सीआरएफ) | 157 सेट | 27/05/2025 |
| 08 | 04251037 | लाइट वेट कम्पोजिट साउंड इन्सुलेटिंग फ्लोर बोर्ड आर्फ साइज 16X1250X3000एमएम | 6000 नग | 21/05/2025 |
| 09 | 11241458 | सलाईडिंग डोर (एल.एच एंड आर.एच) एलांग विद माउटिंग आरेंजमेन्ट | 136 नग | 17/06/2025 |
| 10 | 03251125 | सेटिंग आरेंजमेंट फॉर 78–सेक्टर एलएचबी 2 एनडी एसी चेयर कार कोचेज | 16 सेट | 16/05/2025 |
| 11 | 03251126 | एफआरपी लेवोटरी मोडूल फॉर एलडब्लूएससीजेडएसी | 16 सेट | 20/05/2025 |
| 12 | 05241306ए | बैट्ररी बाक्स माउटिंग फॉर एलएचबी कोच | 610 नग | 20/05/2025 |
| 13 | 11241444 | सेट ऑफ रूफ एलीमेंट फॉर एलएचबी कोचेज | 523 सेट | 12/06/2025 |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

**ई–निविदा सूचना सं० 04/2025–26 (खुली)/उमुइं । / एमसीएफ/आरबीएल**

उप मुख्य इंजीनियर– ।/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं 1 कार्य का नाम:** एमसीएफ/आरबीएल के कारखाना क्षेत्र की भूमिगत सीवर लाइन की सफाई और वर्षा जल लाइन के अंतर्गत, चैम्बर सहित, और कैन्टीन से उत्पन्न हरे कचरे को वरमीकंपोस्ट आदि में परिवर्तित करना एक वर्ष के लिए। **निविदा सं०** 4/2025–26–RT **अनुमानित लागत रु:** 48,35,063.83 **निविदा खुलने की तिथि:** 16.05.2025 **कार्य समापन की अवधि:** 02 माह।

- निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
- आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

उप मुख्य इंजीनियर– ।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** JHS-N-W-14-25 **दिनांक:** 21.04.2025

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम:** प्रोविशन ऑफ़ एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ यार्ड इम्प्रूवमेंट अंडर एडीईएन/ग्वालियर (14 यार्ड)।

**कार्य लागत लगभग:** ₹ 34689953.13 | **धरोहर राशि:** ₹ 323500/-

**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil | **निविदा खुलने की तिथि:** 13.05.2025 Time 15:00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 12 माह

निविदा **दिनांक** 13.05.2025 को 15:00 **बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 691/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बलविंदर पुत्र** महेंद्र सिंह, **निवासी** मकान नं. बी–24, हरगोविंद नगर, विजय विहार, रोहिणी, दिल्ली, ने **FIR No. 106/2021, U/S 379/356/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली–83,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह हैं कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलविंदर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलविंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 106/2021, U/S 379/356/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली –83,** के उक्त अभियुक्त **बलविंदर** से अपेक्षा की जाती हैं कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं0–105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5121/OD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी नरेश कुमार,** पुत्रः स्वर्गीय महेंद्रपाल **पता:** WZ 23, राम नगर, तिलक नगर, **नई दिल्ली FIR No. 153/2016, U/s: 380/411 IPC, पुलिस थाना आई जी आई एयरपोर्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नरेश कुमार, FIR No. 153/2016, U/s: 380/411 IPC, पुलिस थाना आई जी आई एयरपोर्ट, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.06.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रणव जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी–01
02, भूतल मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली

DP/4894/IGIA/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भरत कुमार उर्फ मोंटी,** पुत्रः **सतीश कुमार,** पताः म. नं. ई–2/11, **शिव राम पार्क,** नांगलोई, **दिल्ली** ने **FIR No. 231/2018, U/s 392/34/411 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **भरत कुमार उर्फ मोंटी** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **भरत कुमार उर्फ मोंटी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 231/2018, U/s 392/34/411 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **भरत कुमार उर्फ मोंटी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.05.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
पश्चिम जिला, कमरा नं. 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5107/OD/2025

# सफाई के लिए सभी एसटीपी का थर्ड पार्टी ऑडिट होगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** यमुना नदी को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को राजधानी में मौजूद सभी 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) का थर्ड पार्टी ऑडिट कराने का निर्देश दिया है। डीजेबी की सीवेज प्रबंधन शाखा के साथ समीक्षा बैठक में मंत्री को राजधानी की सीवेज संरचना की वर्तमान क्षमता और अपग्रेडेशन कार्यों की स्थिति से अवगत कराया गया। इस दौरान मंत्री ने डीजेबी को सभी एसटीपी की क्षमता और वास्तविक ट्रीटमेंट की स्पष्ट जानकारी के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट का निर्देश दिया। जल मंत्री ने कहा कि यमुना में अब भी बड़ी मात्रा में बिना ट्रीटमेंट का सीवेज गिर रहा है। दिल्ली सरकार इस प्रदूषण को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है। ऑडिट इसी रणनीति का हिस्सा है, जिसकी रिपोर्ट के बाद आगे के निर्देश जारी किए जाएंगे। वर्ष 2025-26 के बजट में सरकार ने एसटीपी की मरम्मत और आधुनिकीकरण के लिए 500 करोड़ रुपये और पुरानी सीवर लाइनों को बदलने के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। 37 में से 30 एसटीपी का संचालन निजी कंपनियों के जरिये किया जा रहा है। मंत्री ने इन ऑपरेटरों को अपनी क्षमता और गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले इसी महीने जल मंत्री ने ओखला में एशिया की सबसे बड़ी 564 एमएलडी क्षमता वाली वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट फैसिलिटी के पूरी तरह चालू होने की घोषणा की थी। साथ ही डीजेबी ने विकेन्द्रित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डीएसटीपी) परियोजना पर भी काम शुरू कर दिया है। यह ऑडिट और अधोसंरचना सुधार दिल्ली सरकार की उस व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य आने वाले वर्षों में यमुना को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त बनाना है। वर्तमान में 37 एसटीपी में से 18 का अपग्रेडेशन कार्य चल रहा है, जबकि सोनिया विहार, दिल्ली गेट और ओखला में तीन नए एसटीपी तैयार किए जा रहे हैं।

### रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा पहले से घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी सं. 04606/04605 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहाटी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (आरक्षित)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04606 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04606 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04605 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04605 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | ---- |
| 19:10 | ---- | गुवाहाटी | ---- | 23:20 |

<u>चलने के दिन</u> : **04606 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 02.05.2025 से 30.05.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को और **04605 गुवाहाटी** से दिनांक 05.05.2025 से 02.06.2025 (प्रत्येक सोमवार) को।

<u>ठहराव</u>: शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, यमुनानगर, जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, जौनपुर जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, हाजीपुर, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी जं., न्यू कोच बिहार, न्यू बोंगईगांव, गोवालपारा टाउन एवं कामाख्या स्टेशन।

<u>स्थान</u>: शयनयान (आरक्षित)

**रेलगाड़ी सं. 04610/04609 जम्मू तवी-वाराणसी-जम्मू तवी सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (आरक्षित)** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04610 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04610 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04609 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04609 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 06:20 | जम्मू तवी | 07:45 | ---- |
| 05:10 | ---- | वाराणसी | ---- | 09:00 |

<u>चलने के दिन</u> : **04610 जम्मू तवी** से दिनांक 08.05.2025 से 10.07.2025 तक (प्रत्येक वीरवार) को और **04609 वाराणसी** से दिनांक 09.05.2025 से 11.07.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) को।

<u>ठहराव</u>: पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, सहारनपुर जं., मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन।

<u>स्थान</u>: 3 टियर वाता. (आरक्षित)

**रेलगाड़ी सं. 04304/04303 योग नगरी ऋषिकेश-गोरखपुर-योग नगरी ऋषिकेश विशेष एक्सप्रेस (आरक्षित)** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04304 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04304 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04303 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04303 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | ---- |
| 06:20 | ---- | गोरखपुर | ---- | 09:00 |

<u>चलने के दिन</u> : **04304 योग नगरी ऋषिकेश** से दिनांक 10.05.2025 से 12.07.2025 तक (प्रत्येक शनिवार) को और **04303 गोरखपुर** से दिनांक 11.05.2025 से 13.07.2025 (प्रत्येक रविवार) को।

<u>ठहराव</u>: हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

<u>स्थान</u>: शयनयान एवं सामान्य (आरक्षित)

**रेलगाड़ी सं. 04026/04025 दिल्ली जं.-रक्सौल जं.-दिल्ली जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (आरक्षित)** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04026 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04026 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04025 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04025 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:05 | दिल्ली जं. | 17:45 | ---- |
| 19:00 | ---- | रक्सौल जं. | ---- | 22:00 |

<u>चलने के दिन</u> : **04026 दिल्ली जं.** से दिनांक 08.05.2025 से 10.07.2025 तक (प्रत्येक वीरवार) को और **04025 रक्सौल जं.** से दिनांक 09.05.2025 से 11.07.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) को।

<u>ठहराव</u>: गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं स्टेशन।

<u>स्थान</u>: प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनामी, शयनयान एवं सामान्य (आरक्षित)

**रेलगाड़ी सं. 04022/04021 नई दिल्ली जं.-गोरखपुर-नई दिल्ली त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (आरक्षित)** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04022 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04022 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04021 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04021 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | ---- |
| 05:00 | ---- | गोरखपुर | ---- | 07:00 |

<u>चलने के दिन</u> : **04022 नई दिल्ली** से दिनांक 09.05.2025 से 11.07.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को और **04021 गोरखपुर** से दिनांक 10.05.2025 से 12.07.2025 (प्रत्येक शनिवार) को।

<u>ठहराव</u>: गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., बाराबंकी, घोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

<u>स्थान</u>: प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य (आरक्षित)

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1223/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

पुनः निविदा सुचना–ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

**क्र.:** 1, **निविदा सूचना संख्या:** 32-W-CASTING-PSC-SLAB-25 Date 23.04.2025, **कार्य का नाम व स्थान:** दिल्ली मंडल में 12.2 मीटर तक के स्टील गार्डरो को बदलने हेतु पी0 एस0 सी0 स्लैब की कास्टिंग का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 5,02,44,475.21, **धरोहर राशि:** ₹ 401200/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 18 (अठारह महीने), **निविदा जमा करने व खुलने का समय:** दिनांक 19.05.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात।

नोट: उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलनोड किया जा सकता है। **1212/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित पुत्र श्री राजू निवासी बी–2/10, दूसरी मंजिल, एमसीडी फ्लैट्स, पदम नगर, सराय रोहिल्ला, दिल्ली** ने **FIR No. 046/25 U/S 109(1)/103(1) BNS,** अन्तर्गत थाना **भारत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 046/25 U/S 109(1)/103(1) BNS, अन्तर्गत थाना भारत नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अंकित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री दीपक वत्स
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं.101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5045/NW/2025(Court Matter)

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तारित अवधि |
|---|---|---|---|---|
| *09003 | मुंबई सेंट्रल–दिल्ली जं. | मंगल, शुक्र | 06.05.2025 | 09.05.25 से 27.06.25 =15 फेरे |
| *09004 | दिल्ली जं.–मुंबई सेंट्रल | बुध, शनि | 07.05.2025 | 10.05.25 से 28.06.25 =15 फेरे |
| *09425 | साबरमती बीजी–हरिद्वार | वीर, रवि | 04.05.2025 | 08.05.25 से 29.06.25 =16 फेरे |
| *09426 | हरिद्वार–साबरमती बीजी | शुक्र, सोम | 05.05.2025 | 09.05.25 से 30.06.25 =16 फेरे |
| 03311 | धनबाद–चंडीगढ़ | मंगल, शुक्र | 22.04.2025 | 25.04.25 से 27.06.25 =19 फेरे |
| 03312 | चंडीगढ़–धनबाद | वीर, रवि | 24.04.2025 | 27.04.25 से 29.06.25 =19 फेरे |

*रेलगाड़ी सं. **09003 मुंबई सेंट्रल** से दिनांक **09.05.2025** और **09004 दिल्ली जं.** से दिनांक **10.05.2025** का परिवर्तित समय निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी सं. 09003 मुंबई सेंट्रल–दिल्ली जं. आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09004 दिल्ली जं.–मुंबई सेंट्रल आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 03:40 | 03:50 | जयपुर | 18:20 | 18:30 |
| 04:01 | 04:04 | गांधी नगर जयपुर | 17:45 | 17:48 |

*रेलगाड़ी सं. **09425 साबरमती बीजी** से दिनांक **08.05.2025** और **09426 हरिद्वार** से दिनांक **09.05.2025** का परिवर्तित समय निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी सं. 09425 साबरमती बीजी–हरिद्वार आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09426 हरिद्वार–साबरमती बीजी आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 03:40 | 03:50 | जयपुर | 11:00 | 11:10 |
| 04:01 | 04:04 | गांधी नगर जयपुर | 10:30 | 10:35 |

**नोटः शेष निर्देश यथावत रहेंगे।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1224/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# पहलगाम हमले को लेकर आक्रोश

दिल्ली के पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर जमकर नारेबाजी, दिल्ली के कोने-कोने से लोग यहां पहुंचे थे और प्रदर्शन कर अपना गुस्सा जाहिर किया, हम पाकिस्तान को बताना चाहते हैं कि अब वह सीमा पार आतंकवाद को जारी नहीं रख सकता

**विरोध**

आतंकवाद विरोधी मंच ने भी प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के नाम के प्लेकार्ड को जलाकर विरोध प्रकट किया







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश के लोगों में पाकिस्तान के खिलाफ काफी रोष है। दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर लोगों ने गुरुवार को जमकर नारे बाजी की। दिल्ली के कोने-कोने से लोग यहां पहुंचे थे और प्रदर्शन कर अपना गुस्सा जाहिर किया। इस बीच आतंकवाद विरोधी कार्य मंच और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के नाम के प्लेकार्ड को जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। महिलाओं के हाथों में पाकिस्तान मुदार्बाद के पोस्टर भी देखे गए। इस मौके पर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन, भाजपा के कई विधायक भी मौजूद थे। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़े हैं। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हमारी मांग है कि पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन करने वाला देश घोषित किया जाए। दिल्ली में भाजपा आज भारत के 140 करोड़ लोगों के दिलों में जो भावनाएं हैं, उन्हें व्यक्त कर रही है।

## मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप आज बंद रहेंगे दिल्ली के बाजार


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की सुंदर बैसरन घाटी में पर्यटकों पर आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की जान जाने पर ट?यापारियों में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है। इस दुखद घटना के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं सरकार को समर्थन देने के लिए दिल्ली के प्रमुख व्यापारिक संगठनों ने 25 अप्रैल, शुक्रवार को दिल्ली व्यापार बंद करने का आह्वान किया है। कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इस आह्वान को पूर्ण समर्थन देते हुए दिल्ली के समस्त व्यापारियों से अपील की है कि वे शुक्रवार, 25 अप्रैल को अपने प्रतिष्ठान को स्वेच्छा से बंद रखें और शांतिपूर्ण तरीके से बंद का पालन करें। इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी में कई व्यापारी संगठनों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए विरोध-प्रदर्शन भी किया। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे।

## एबीवीपी उम्मीदवार ने पहलगाम में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव में बुधवार देर रात प्रेसिडेंशियल डिबेट का आयोजन हुआ। इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के केंद्रीय पैनल से अध्यक्ष पद उम्मीदवार एवं एबीवीपी जेएनयू की इकाई मंत्री शिखा स्वराज ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने भाषण की शुरूआत की। उन्होंने तीखा सवाल उठाया कि जब कुछ लोग आतंकवाद का कोई धर्म नहीं मानते, तो वे यह क्यों नहीं बताते कि हमलावरों का धर्म और उनकी पहचान क्या थी। उन्होंने कोलकाता, संदेशखाली और मुर्शिदाबाद की महिलाओं और वहां के हिन्दू समाज की पीड़ा की ओर ध्यान खींचते हुए कहा कि वे इस मंच के माध्यम से उन सभी की आवाज बनकर आई हैं। शिखा स्वराज ने जेएनयू के वामपंथी संगठनों की विचारधारा और कार्यशैली पर कठोर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इस कैंपस में अब दो विचारधाराएं आमने-सामने खड़ी हैं – एक तरफ वामपंथी, जो आपस में ही उलझे हैं और दूसरी तरफ एबीवीपी, जो राष्ट्रवाद, छात्र सेवा और समर्पण की प्रतीक है। उन्होंने भरोसा जताया कि वह दिन दूर नहीं जब लाल झंडों द्वारा फैलाया गया अंधकार छटेगा और एबीवीपी की प्रेरणा से यह परिसर फिर से राष्ट्रध्वज के गौरव से पूर्णतः आलोकित होगा। उन्होंने कोविड महामारी के दौरान एबीवीपी कार्यकताओं की निस्वार्थ सेवा को याद करते हुए कहा कि जब सब अपनी जान की परवाह कर रहे थे, तब एबीवीपी के कार्यकर्ता छात्रों की मदद में लगे हुए थे।
उन्होंने कहा कि आज यदि इस विश्वविद्यालय में वाई-फाई, ई-रिक्शा, बराक छात्रावास और छात्र सुविधाएं उपलब्ध हैं तो वह एबीवीपी के संघर्षों की ही देन है। वहीं वामपंथी संगठनों को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें न छात्रों की समस्याओं से सरोकार है, न सुविधाओं से उनका सारा ध्यान केवल लेनिन, स्टालिन और मार्क्स की विचारधारा को बनाए रखने में है।

## अफसरों की लापरवाही से सीएम रेखा गुप्ता नाराज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में कूड़े के पहाड़ को समाप्त करना बड़ी चुनौती है। गाजीपुर लैंडफिल साइट से कूड़े का पहाड़ समाप्त करने का काम धीमी गति से चल रहा है।
इसे लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नाराजगी जताते हुए नगर निगम के अधिकारियों को आधुनिक मशीनों की संख्या बढ़ाकर इस काम को तेजी से करने का निर्देश दिया है। नरेला और गाजीपुर में प्रस्तावित वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट का काम भी जल्द शुरू करने को कहा है। इससे इस काम में तेजी आने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने गाजीपुर, भलस्वा और ओखला पर बने कूड़े के पहाड़ को समाप्त करने के लिए चल रहे काम की समीक्षा की। मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव धर्मेंद्र, नगर निगम और शहरी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी समीक्षा बैठक में उपस्थित थे।

**कूड़े के पहाड़ अव्यवस्था की गवाही- सीएम**
इन तीनों लैंडफिल साइट पर दिन-रात कूड़ा निस्तारण कार्य को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गाजीपुर लैंडफिल साइट को हटाने के काम में तेजी नहीं आने से वह असंतुष्ट हैं। उन्होंने बैठक में नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, " दिल्ली में कूड़े के पहाड़ अनदेखी और अव्यवस्था की गवाही हैं। स्वच्छ राजधानी बनाने का संकल्प है।"

## दिल्ली-एनसीआर में फिटजी कोचिंग के खिलाफ बड़ा एक्शन




**कार्रवाई**

10 ठिकानों पर ईडी की छापामारी जारी, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में फिटजी कोचिंग के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम गुरुवार को फिटजी के 10 ठिकानों पर छापामारी कर रही है। ईडी की यह कार्रवाई फिटजी के दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में चल रही है।
**मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई:** फिटजी के सैकड़ों कोचिंग सेंटर बंद होने से हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और फिटजी के मालिकों को करीब 12 करोड़ का फायदा होने का आरोप है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर ईडी की छापामारी जारी है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अचानक फिटजी के कई कोचिंग सेंटर बंद हो गए थे। लेकर कई जगहों पर कोचिंग सेंटर संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

## सड़कों पर रात 12 से तड़के 4 बजे तक बेलगाम दौड़ते हैं वाहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अगर आप राष्ट्रीय राजधानी में रात 12 से तड़के चार बजे के बीच सफर कर रहे हैं तो जरा संभल कर रहे। इस समय के बीच दिल्ली में वाहन सबसे ज्यादा बेलगाम हो जाते है। गाड़ियां हवा से बातें करती हैं। इस समय में जनवरी से मार्च तक तीन महीने में कुल 1,76,249 चालान काटे गए। ये सभी चालान कैमरों के जरिये काटे गए हैं और वाहनों की रफ्तार भी कैमरों में कैद हुई है। इस समय वाहनों की रफ्तार 150 से 180 के बीच होती हैं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से मिले आंकड़ों के अनुसार इस समय में सबसे ज्यादा चालान ओवरस्पीडिंग व रेड लाइट जंप के हैं। रात 12 बजे से लेकर तड़के 4 बजे के बीच जनवरी में 58,095, फरवरी में 60,025 और मार्च महीने में 58,129 चालान काटे गए। इसके बाद इस समय में सबसे ज्यादा रेड लाइट जंप के चालान हैं। रेड लाइट जंप के जनवरी महीने में 2,329, फरवरी महीने में 2,904 और मार्च महीने में 1,842 चालान काटे गए। वहीं, सुबह चार से आठ बजे तक भी वाहन रुकते नहीं है। इस समय में जनवरी महीने में 47,146, फरवरी महीने में 52,887 और मार्च महीने में 56,736 चालान किए गए। इसके अलावा सुबह चार से 8 बजे के बाद तीसरा खतरनाक होता है। इस समय समय में जनवरी महीने में 45,237, फरवरी महीने में 40,964 और मार्च महीने में 45,064 चालान काटे गए हैं। वहीं, दिल्ली की सड़कों पर चलने के लिए चौथा सबसे ज्यादा खतरनाक समय दोपहर 12 बजे से लेकर शाम बजे के बीच का है।




# पंचकूला में मनाया गया राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान समारोह

**सौगात**

**22 जिला परिषदों, 142 पंचायत समितियों और 5388 ग्राम पंचायतों को स्टाम्प ड्यूटी के अंश के रूप में 573 करोड़ रुपये किए हस्तांतरित**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में पंचायतों को 368 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। जिला पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने 233 करोड़ रुपये की लागत के 923 विकास कार्यों का उद्घाटन तथा 135 करोड़ रुपये की लागत के 413 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करने की दिशा में 22 जिला परिषदों, 142 पंचायत समितियों और 5388 ग्राम पंचायतों को स्टाम्प ड्यूटी के अंश के रूप में 573 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने 511 ग्राम पंचायतों को महिला चौपालों के निर्माण के लिए 18.28 करोड़ रुपये की राशि भी जारी की। साथ ही, 411 जिला परिषद सदस्यों तथा 3081 पंचायत समिति सदस्यों को 1.45 करोड़ रुपये की मानदेय राशि भी जारी की।
समारोह में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी, विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर भी उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना का हुआ शुभारंभ**

समारोह के दौरान, नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना का भी शुभारंभ किया। इसके तहत उन पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कृषि उत्पादकता, डिजिटल संपर्क और टिकाऊ बुनियादी ढांचे जैसे सामाजिक-आर्थिक मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। जनसंख्या के आधार पर, पहले स्थान पर आने वाली ग्राम पंचायतों को 51 लाख रुपये, दूसरे स्थान पर आने वाली पंचायतों को 31 लाख रुपये तथा तीसरे स्थान वाली पंचायत को 21 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह राशि स्थानीय विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ट्रेनिंग किट दिए जाने का भी शुभारंभ किया। इस अभियान में प्रदेश के सभी 71 हजार निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस एक साल में रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी और सबको ट्रेनिंग किट दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि इस ट्रेनिंग में भाग अवश्य लें। ट्रेनिंग के दौरान प्रतिनिधियों को पड़ोसी राज्यों के सर्वोत्तम ग्रामीण मॉडल्स का अध्ययन करने के लिए भ्रमण पर भी ले जाया जाएगा। समारोह के दौरान, नायब सिंह सैनी ने मेरा गांव-मेरी धरोहर तथा मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना की पुस्तिका का विमोचन भी किया। मेरा गांव-मेरी धरोहर पुस्तक में गांवों की आध्यात्मिक विरासत को संजोने का एक अनूठा प्रयास किया गया है। प्रत्येक जिले के एक गांव की एक ऐसी कहानी चुनी है, जो उस गांव के धार्मिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक गौरव को दशार्ती है। इन 22 कहानियों को 'मेरा गांव मेरी धरोहर' पुस्तक में संकलित किया गया है। यह पुस्तक हरियाणा की ग्रामीण धरोहर को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगी।









## 41,591 नये लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने पेंशन लाभ किया वितरित

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने समारोह स्थल से ही प्रदेशभर में विभिन्न पेंशन योजनाओं के 41,591 नये लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ देते हुए सीधे उनके बैंक खातों में राशि जारी की। इन लाभार्थियों के खातों में 12 करोड़ 59 लाख रुपये की राशि डाली गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि को प्रो-एक्टिव मोड पर बनाने का काम किया है। अब इनके लिए किसी को भी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। पहले की सरकार में तो नागरिकों को पेंशन बनवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन आज घर बैठे ही स्वत: पेंशन बन जाती है।

## गाँव संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भर भारत का आधार, गांवों का विकसित होना जरूरी: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गाँव हमारी संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भर भारत का आधार है। जब गांव मजबूत होता है, तभी देश मजबूत होता है। जब पंचायतें सशक्त होती हैं, तभी लोकतंत्र जीवंत होता है। इसलिए हमारे गांवों का विकास हो और वे आत्मनिर्भर बनें, ये हम सबकी जिम्मेदारी है। विकसित भारत की यात्रा में गाँवों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है, जब हमारा गांव विकसित होगा, तो प्रदेश विकसित होगा और निश्चित तौर पर हम वर्ष 2047 से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा कर लेंगे। मुख्यमंत्री वीरवार को जिला पंचकूला में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की शुरूआत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित उपस्थितजन द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
समारोह में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी, विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार के मधुबनी से संबोधन को लाइव ब्रॉडकास्टिंग के माध्यम से उप?स्थित पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सुनाया गया।

**पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की अहम कड़ी**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंचायती राज संस्था?एं लोकतंत्र की वो कड़ी है, जो विकास को एक नई गति देने का काम करती हैं। जब पंचायती राज प्रणाली को संवैधानिक दर्जा दिया गया था, उसका उद्देश्य था पंचायत के माध्यम से गांव का विकास करना, उन्हें सशक्त करना। उन्होंने कहा कि देश की आत्मा हमारे गांव हैं। हरियाणा में वैदिक काल से ही पंचायतों की गौरवशाली परंपरा रही है और उन्होंने कहा कि इस समारोह में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों में 50 प्रतिशत भागीदारी महिलाओं की है। ये प्रतीक है महिला सशक्तिकरण का, जिससे हमारे गांवों के विकास को एक नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह समारोह केवल एक आयोजन नहीं बल्कि गांव के सर्वांगीण विकास का एक संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को इस संकल्प के साथ काम करना चाहिए कि मेरा गांव, मेरी पंचायत पूरे हरियाणा प्रदेश में, पूरे जिला में नंबर एक स्थान पर आए। यह संकल्प लें कि मेरे गांव का एक भी बच्चा स्कूल से ड्रॉपआउट न हो। हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिले। गांवों में सभी को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण सहित सामाजिक-आर्थिक मानकों पर गांवों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेकर काम करें।
मुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में सभी प्रतिनिधि अपने-अपने गांव को नशा मुक्त करने का प्रण लें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति नशा करता हुआ मिलता है या नशे के कारोबार में संलिप्त पाया जाता है, तो उसकी जानकारी सरकार को मानस पोर्टल के माध्यम से दें। जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। हमें मिलकर गांवों को नशा मुक्त करना है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि 12 जुलाई को हुए पंचायत सम्मेलन में घोषणा की गई थी कि विकास के लिए पंचायतों को धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

## शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: सीएम

**शांति**

**कचरा संग्रहण कार्य में आमजन का फीडबैक लेने के लिए फीडबैक सेल का करें गठन, सीएम डैशबोर्ड**





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकायों में कचरा संग्रहण कार्य में आमजन का फीडबैक लेने के लिए विभाग द्वारा फीडबैक सेल की स्थापना की जाये। इस सेल को सीएम डैशबोर्ड के साथ लिंक किया जाये ताकि इस सम्बन्ध में लोगों से फीडबैक लेकर इस कार्य में निरंतर सुधार करते हुए शहरों को और अधिक स्वच्छ और सुन्दर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों के फीडबैक के आधार पर अच्छा कार्य करने वाले निकायों को सम्मानित किया जाएगा तथा कोताही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। मुख्यमंत्री शहरी स्थानीय निकाय विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी उपस्थित थे। प्रदेश के सभी शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में एडवांस टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य किया जाना चाहिए ताकि लाइव लोकेशन के आधार पर इस कार्य में लगी गाड़ियां और मैनपावर की सटीक जानकारी उपलब्ध हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जहां पर इस विषय में टेंडर की समय सीमा समाप्त हो रही हो, वहां पर 15 दिन पहले ही टेंडर संबंधी सभी प्रक्रियाएं पूरी की जानी चाहिए।

### प्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत सभी कार्यों को गति से आगे बढ़ाया जाए: सीएम

**स्वच्छ** सर्वेक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत सभी कार्यों को गति से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर प्रदेश को स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में आगे बढ़ाना है, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को भी स्वच्छता के मामले में नंबर एक पर लाने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की गई थी जिसमे सामाजिक संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों आदि ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की थी। इस गति को बरकरार रखने के लिए संबंधित अधिकारी योजना बनाकर कार्य करें ताकि गीता की भूमि कुरुक्षेत्र को और अधिक स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके।

### अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश में म्युनिसिपल एरिया में अगर कहीं भी अवैध कॉलोनी पनप रही है तो सम्बंधित के खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाए। अवैध कॉलोनी काटने वालों पर भारी पेनल्टी लगाने के साथ-साथ उसे तुरंत नोटिस देकर एफआईआर दर्ज करवाने की दिशा में भी कार्य किया जाए। इसके अतिरिक्त, अधिकारी अपने-अपने एरिया में स्लम कॉलोनियों को भी चिन्हित करें ताकि वहां रह रहे लोगों को फ्लैट बनाकर दिए जा सकें। उन्होंने कहा कि शहरों में दीवार पेंटिंग आदि जैसे सौंदर्यीकरण कार्यों को कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के माध्यम से करवाने की संभावनाओं को भी तलाशा जाए।

## सेवा का अधिकार आयोग ने स्वच्छता निरीक्षक पर लगाया दंड

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने नगर परिषद जींद के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक पर हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत तीन हजार रुपये का सांकेतिक दंड लगाया है। शिकायतकर्ता विपिन जैन द्वारा नगर परिषद जींद के अधीन निर्माण मलबा न उठाने के संबंध में 'स्वच्छ हरियाणा' ऐप पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ता द्वारा अपील किए जाने पर मामला द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी के समक्ष गया, जहां सुनवाई 23 दिसंबर 2024 को हुई। शिकायत के अनुसार, मलबा लंबे समय तक स्थल पर पड़ा रहा और अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती गई। आयोग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत निर्धारित 2 दिन की समयावधि में कार्य नहीं किया गया, जबकि मलबा 6 फरवरी 2025 को उठाया गया, जो कि काफी विलंब से हुआ। अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा शिकायत के समाधान में गंभीर लापरवाही बरती गई। जांच में यह भी पाया गया कि प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारियों ने समय पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस कारण आयोग ने नगर परिषद जींद के स्वच्छता निरीक्षक को तीन हजार रुपये का सांकेतिक दंड लगाया है, जिसे उनके वेतन से काटकर सरकारी कोष में जमा किया जाएगा। प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी को चेतावनी जारी करते हुए उनका नाम आयोग के डेटाबेस में दर्ज किया गया है।

## राज्य मंत्री राजेश नागर ने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को दी श्रद्धांजलि

**कायराना**

**राज्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला दुर्भाग्यपूर्ण है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले तथा प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी राज्य मंत्री राजेश नागर ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों से उनके करनाल निवास स्थान पर मिले तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। जिन परिवारों के साथ ये घटना हुई है, केंद्र व प्रदेश की सरकार पूर्णरूप से उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जिन आतंकवादियों ने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की हत्या की है, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है और इसकी जितनी भी निंदा की जाए उतनी कम है।

**राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को दी श्रद्धांजलि**

राज्यसभा के सांसद कार्तिकेय शर्मा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार से मिले और उन्हें सांत्वना दी।

## आपूर्ति का प्रबंधन करना है प्राथमिकता: खेल मंत्री

**एस्टीमेट**

**ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए पास करवाया 2 करोड़ 42 लाख 23 हजार 720 रुपये का एस्टीमेट**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने पलवल शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने और शहरवासियों को गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से राहत दिलाने के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर लगे 25 ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार से 2 करोड़ 42 लाख 23 हजार 720 रुपये का एस्टीमेट पास करवाया है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गर्मी में शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गर्मी के सीजन में बिजली की मांग अनुसार आपूर्ति का सही प्रबंधन करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता को निर्देश किए कि शहर की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए।



खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि गर्मी के मौसम में अक्सर बिजली कटौती की समस्या से उपभोक्ता परेशान रहते हैं।
शहरवासियों की इस परेशानी का समाधान करने के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर लगे 25 ट्रांसफार्मर की अतिरिक्त क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार से 2 करोड़ 42 लाख 23 हजार 720 रुपये का एस्टीमेट पास करवाया गया है, जिससे पलवल शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी और शहरवासियों को गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से निजात मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली देने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाएं।

## मुख्यमंत्री आज जींद से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे साइक्लोथॉन यात्रा

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल 25 अप्रैल को सुबह 6 बजे जींद के पुराना बस अड्डा (नजदीक लाल बत्ती चौक) से साइक्लोथॉन यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस यात्रा में खिलाड़ियों, युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी रहेगी। इनके अलावा, ग्राम पंचायतों, जिला पार्षदों, ब्लॉक समिति मैम्बरों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं भी इस मुहिम में जुड़ेंगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का संदेश घर- घर में पहुंचाना है ताकि नशा से ग्रस्त युवाओं को नशे से छुटाकारा मिल सके।

## सहकारिता क्षेत्र के डिजिटलीकरण पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

**प्रगति**

**केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा रहे शामिल**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में सहकारिता क्षेत्र की प्रगति और विस्तार को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारी संस्थाओं को पारदर्शी, प्रभावशाली और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गुर्जर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऑडिट प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी ऑडिट प्रक्रियाएं अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश की पैक्स की समस्याओं की पहचान कर उन्हें मॉडल के रूप में विकसित किया जाए और उनकी आय बढ़ाने की दिशा में ठोस योजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि अन्न भंडारण योजना को भी गति देने हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। गुर्जर ने जीवन औषधि केंद्रों की स्थापना के लिए ड्रग लाइसेंस प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि फिलहाल केवल 8 केंद्रों को लाइसेंस प्राप्त हुआ है, जबकि आवश्यकता है कि अधिक से अधिक पैक्स को इस योजना से जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त, 9 एफपीओ का पंजीकरण किया जा चुका है और उनकी वेबसाइट निर्माण की प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है, ताकि उनके व्यापार को विस्तार मिल सके। बैठक में राज्य के सहकारी बैंकों के आधुनिकीकरण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि बैंकों को तकनीकी रूप से उन्नत बनाया जाए और किसानों को दिए जाने वाले ऋणों पर 85% तक की गारंटी का लाभ सुनिश्चित किया जाए। पैक्स को माइक्रो एटीएम सुविधा से जोड़कर ग्रामीण उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा प्रदान की जाए।
उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे सहकारिता की भावना जन-जन तक पहुँच सके। बैठक में हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 2500 नए पैक्स खोलने का लक्ष्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फेडरेशन से अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजनाएं इस प्रकार बनाई जाएं कि सभी हितधारकों को समान सहयोग प्राप्त हो। उन्होंने गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों की श्रेष्ठ सहकारी व्यवस्थाओं का अध्ययन कर उन्हें हरियाणा में लागू करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने वीटा पार्लर को आधुनिक स्वरूप में विकसित कर शहरी क्षेत्रों की सोसायटियों में स्थापित करने के निर्देश दिए। मंडियों के नियमित निरीक्षण को अनिवार्य मानते हुए उन्होंने कहा कि इससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करते हुए प्रदेश की सहकारी प्रणाली को मजबूती प्रदान करें।

## हरियाणा सरकार तकनीकी रूप से दक्ष पुलिस बल बनाने के लिए प्रतिबद्ध

**खरीद**

**हाई-टेक संचार, सुरक्षा, सीसीटीएनएस और प्रशिक्षण उपकरण की खरीद शामिल है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (एसएलईसी) की बैठक हुई जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पुलिस बलों के आधुनिकीकरण (एमपीएफ) के लिए राज्य कार्य योजना की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डॉ. सुमिता मिश्रा ने हरियाणा के सभी निवासियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिस बल का आधुनिकीकरण न केवल अपराध की रोकथाम और जांच के लिए बल्कि तकनीकी रूप से दक्ष और समुदाय के अनुकूल कानून प्रवर्तन प्रणाली के निर्माण के लिए भी आवश्यक है। इस अवसर पर समिति ने 22.09 करोड़ रुपये की राज्य कार्य योजना को मंजूरी दी गई , जिसमें पिस्तौल और सीक्यूबी (मशीन गन) जैसे उन्नत हथियार और उपकरण, छवि और वीडियो संवर्द्धन सॉफ्टवेयर, चेहरे की पहचान और तुलना सॉफ्टवेयर, सहायक उपकरण के साथ पॉलीग्राफ सिस्टम, अगली पीढ़ी के सीक्वेंसर और ट्रिनोक्यूलर स्टीरियो-जूम माइक्रोस्कोप जैसे एफएसएल उपकरण, साथ ही हाई-टेक संचार, सुरक्षा, सीसीटीएनएस और प्रशिक्षण उपकरण की खरीद शामिल है।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले की केन्द्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने की निंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः केन्द्रीय राज्यमंत्री** रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने सबको एक समान अधिकार देने का काम किया हैं और आज उनकी ही देन है कि हमसब एक हैं। उन द्वारा बनाए गए संविधान की सराहना दुनिया में होती हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू अम्बाला शहर में अम्ब कमल कार्यालय में आयोजित डॉ. भीम राव अम्बेडकर जिला गोष्टी में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित कार्यकत्र्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। इस मौके पर वशिष्ठ अतिथि के तौर पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला भी उपस्थित रहें। सिख समाज की ओर से, भाजपा जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मुख्यअतिथि व वशिष्ठ अतिथि को पुष्पगुच्छ व शॉल भेंटकर उनका अभिनन्दन किया गया। केन्द्रीय राज्यमंत्री



रवनीत सिंह बिट्टू ने इस मौके पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना को निन्दनीय बताते हुए दो मिनट का मौन रखकर जो शहीद हुए है उन्हें अपने श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने ऐसा कायराना काम किया है, जिनको दुनिया में कहीं भी जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि उनके स्वर्गीय दादा सरदार बेअंत सिंह ही केवल देश को आगे ले जाने में नहीं थे बल्कि उनके साथ-साथ बीजेपी व आरएसएस के अलावा जिन लोगों ने देश के लिए सोचा है उन्होनें देश को आगे ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें सभी को मान सम्मान देने का काम किया जाता हैं। अच्छे कार्य करने वाले लोगों की पहचान बीजेपी को है, इसका साक्षात उदाहरण वह स्वयं हैं तथा हारने के बावजूद बीजेपी पार्टी द्वारा उन्हें रेल राज्य मंत्री बनाया गया हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इस अवसर पर यह भी कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बड़े सादगी व कु शलता के व्यक्तिव हैं, सब उनके कायल हैं। जनता की सेवा के लिए वह 24 घंटे कार्यरत हैं, उनके नेतृत्व में हरियाणा दिन-रात उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हैं। उन्होनें उपस्थित कार्यकत्र्ताओं को यह भी कहा कि वर्ष 2026 में पंजाब में चुनाव होने है, वे चुनाव में यहां आकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों बारे प्रचार प्रसार करें, ताकि यहां पर भी भाजपा की डबल इंजन की सरकार बने और हरियाणा की तरह पंजाब भी हर क्षेत्र में आगे बढ़े सकें। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने मां अम्बा की इस पवित्र धरा पर केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य मंत्री रवनीत सिंह के स्वर्गीय दादा सरदार बेअंत सिंह ने असूलों की राजनीति व इंसानियत को आगे रखकर देश को आगे ले जाने का काम किया है, उसी तर्ज पर रेल राज्य मंत्री भी कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन शोषित को पोषित करने में, वंचित को संचित करने में तथा सघर्ष करते हुए सभी को समान अधिकार देने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि जब जातिवाद व भेदभाव का बोलबाला था, तो उस समय हिन्दुस्तान में पीएचडी करने वाले डॉ. भीमराव अम्बेडर सबसे पहले थे। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया हैं और सभी को समान अधिकार भी दिलवाया हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन वृतांत से सम्बन्धित 5 स्थानों जिनमें मउ, लंदन, नागपुर, दिल्ली व चैतभूमि शामिल हैं, उन स्थानों को ऐतिहासिक महत्वता देते हुए सुदृढ करने काम किया हैं, ताकि आने वाली पीढि?ीं को भी उनके बारे में जानकारी मिल सकें। केन्द्र व राज्य सरकारें पंडित दीन दयाल उपाध्याय की विचार धारा व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के दिखाएं गए रास्ते पर चलकर राज नहीं बल्कि जनसेवा कार्य कर रही हैं।

# प्रार्थियों की समस्याओं का तत्परता से करें समाधान सुनिश्चितः अजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः उपायुक्त अजय** सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रार्थियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनकी समस्याओं का तत्परता से समाधान करना सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों को इन शिविरों का वास्तविक लाभ मिल सके। उपायुक्त अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने समाधान शिविर में पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान समाधान शिविर मे कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार समाधान शिविरों का आयोजन हर सोमवार और वीरवार को प्रातः 10



बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला एवं उपमंडल स्तर पर किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य है आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं तक उनकी सहज पहुँच सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे इन समाधान शिविरों में आकर अपनी समस्याएं रखें और सरकारी एवं प्रशासनिक सुविधाओं का लाभ उठाएं। गांव मछोन्डा निवासी अमरजीत सिंह ने अपनी पत्नी की वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित शिकायत समाधान शिविर में रखी, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए दस्तावेजों की पुष्टि कर पेंशन हेतु डेटा पुश कर दिया गया। उन्होंने उपायुक्त का तय दिल से आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार, अंबाला शहर से बिमला देवी की पेंशन संबंधी समस्या का भी मौके पर निपटान किया गया जिस पर उन्होंने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। ऐसी ही नन्होनी गांव गोला के नरेंद्र की राशन कार्ड संबंधी समस्या और मियां माजरा निवासी ओम प्रकाश की अपने बच्चे के सरकारी स्कूल में दाखिले से जुड़ी समस्या का भी शिविर में मौके पर समाधान हुआ। वहीं, नदी मोहल्ला अंबाला सिटी निवासी पूजा देवी द्वारा परिवार पहचान पत्र में जन्मतिथि सुधार को लेकर समस्या रखी गई।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान- एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/बराड़ाः एसडीएम** अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद



स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं। एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविर में 6 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें से 5 शिकायतों का मोके पर समाधान किया गया शेष 1 शिकायत का वेरिफिकेशन उपरांत के निर्देश दिए। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार गीता राम, एएफएसओ राजिंदर कुमार, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ सतिंदर पाल सिंह, खंड कृषि अधिकारी रवि कांत, एसडीओ शिवम, बिजली बोर्ड से जेई राजबीर, पीडब्लूडी विभाग एसडीओ आशा रानी, पब्लिक हेल्थ जेई दीपक व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 28 को चलाया जाएगा सघन सफाई अभियान

**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**समालखा में 28 अप्रैल** को प्रशासन की देखरेख मे पुराना बस अड्डा स्थित फ्लाईओवर से रेलवे-स्टेशन तक सघन सफाई अभियान चलाया जाएगा। सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए बृहस्पतिवार को एसडीएम अमित कुमार ने अधिकारियों की बैठक बुलाकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक के बाद मीडिया को जारी बयान मे उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि 28 अप्रैल सोमवार को प्रातः 6 बजे पुराना बस अड्डा पर फ्लाईओवर के नीचे से सफाई अभियान की शुरूआत होगी जो रेलवे रोड होते हुए रेलवे स्टेशन तक सफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा। शुरूआत हल्का विधायक मनमोहन भड़ाना द्वारा की जाएगी। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों के राजपत्रित अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अभियान में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

# जाजल की बिटिया का गांव में हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। यूपीएसई के परिणाम में 76 वां** रैक हासिल करने वाली गांव जाजल निवासी कल्पना का अपने पैतृक गांव में पहुंची। जहां उनका ग्रामीणों ने जोश व उत्साह से स्वागत किया। वहीं राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने बधाई दी। खेवड़ा रोड पर भाजपा के जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने स्वागत किया। ग्रामीण अपनी बेटी के आईएएस बनने के बाद खुली गाड़ी में लेकर गए। वहीं परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों का कहना है कि बिटिया ने सपने को सच कर दिखाया। कल्पना ने यह सफलता अपने तीसरे प्रयास में हासिल की है। कल्पना बिहार से अपने गांव में पहुंची। कल्पना के चाचा सोमबीर रावत ने बताया कि कल्पना के पिता कृष्ण कुमार कांट्रैक्टर हैं और माता अनिल गृहिणी हैं। कल्पना 2 भाई-बहनों में छोटी है। उसने 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई सोनीपत



के ब्राइट स्कालर स्कूल से की है। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेजी आनर्स किया। कल्पना शुरू से ही प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती थीं, इसके लिए उन्होंने दिल्ली में करीब 2 माह की कोचिंग ली, फिर सैल्फ स्टडी करती रही। पहले 2 प्रयासों में सफलता नहीं मिलने के बाद भी कल्पना ने हार नहीं मानी और परिवार के सपने को पूरा करने के लिए रोजाना 10 से 12 घंटे तक पढ़ाई की। दृढ़ निश्चय और लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए की गई मेहनत का ही परिणाम है कि कल्पना ने तीसरे प्रयास में 76वां रैंक हासिल किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व स्वास्थय दिवस पर छात्रों को बेहतर स्वास्थय के प्रति किया जागरूक

**गन्नौर। बाल भवन** इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा बाल वाटिका एक से लेकर पहली कक्षा के बच्चों को साफ सफाई का ध्यान रखना सिखाया गया। जिसमें नियमित रूप से स्नान करना, ब्रश करना,नाखून की सफाई करना तथा छोटी छोटी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली के बारे में बताया और बच्चों को स्वच्छता के लाभ और हानि के बारे में बताया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा दी। बच्चों को नियमित साफ सफाई के बारे में बताया गया।




### पांची गुजरान के युवाओं ने आतंकी हमले की निंदा कर आत्मा की शांति की प्रार्थना की

गन्नौर। पांची गुजरान के सभी नौजवान युवाओं ने एकत्रित होकर कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए रोष जताया। जगदीप कक्कड़ के नेतृत्व में युवाओं ने कहा कि कायराना हमले में कम से कम 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, और कई अन्य घायल हो गए। यह हमला पहलगाम के लोकप्रिय पर्यटन स्थल बाईसरन में हुआ, जिसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। युवाओं ने इस बर्बर कृत्य पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। युवाओं ने कहा कि इस तरह की आतंकी घटनाओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार को आतंकवाद के समूल नाश के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। युवाओं ने कहा कि यह हमला न केवल निर्दोष लोगों की जान लेने वाला एक जघन्य अपराध है, बल्कि यह कश्मीर में पर्यटन को भी एक बड़ा झटका है।



### खुबडू गांव के साहिल धनखड़ ने यूपीएससी में पाया 245वां रैंक

**गन्नौर। यूपीएससी द्वारा घोषित** सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में गन्नौर क्षेत्र के गांव खुबडू गांव के बेटे साहिल धनखड़ ने आल इंडिया 245वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साहिल धनखड़ अपने माता-पिता के साथ पिछले करीब 13 वर्षों से कुरूक्षेत्र में रह रहे हैं, लेकिन परिणाम घोषित होते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। साहिल धनखड़ पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने 8वीं कक्षा तक की कुरूक्षेत्र रह कर की। इसके बाद चंडीगढ़ डीएवी स्कूल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। पटियाला थापर विश्वविद्यालय से उन्होंने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की। साहिल धनखड़ ने बताया कि यूपीएसई में जाने की प्रेरणा उन्हें अपने दादा नफे सिंह से मिली, वह आबकारी एवं कराधान ईटीओ रहे।



# हकेवि में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय की ओर से आयोजित इस शोक सभा में मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने संदेश के माध्यम से हमले में मारे गए लोगों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की। श्रद्धांजलि सभा में विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, परीक्षा नियत्रंक प्रो. राजीव कौशिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। शैक्षणिक खंड एक में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए समकुलपति प्रो. पवन कुमार ने आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुःख की खड़ी में समूचा भारत पीड़ित परिवारों के साथ है।

# ग्रामीण युवा केंद्र छात्रावास के छात्रों ने यूपीएससी में किया कमाल

## विधायक कृष्णा गहलावत ने सोनीपत सहित केंद्र के सभी सफल विद्यार्थियों को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। जनसेवा** को समर्पित राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत के सुपुत्र समीर द्वारा दिल्ली में स्थापित ग्रामीण युवा केंद्र छात्रावास के विद्यार्थियों ने केंद्रीय लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में कमाल का प्रदर्शन किया है। छात्रावास के 23 विद्यार्थियों ने इस बार यूपीएससी में सफलता अर्जित की है। गत वर्ष भी बड़ी संख्या में छात्रावास के विद्यार्थी यूपीएससी में सफल हुए थे। विधायक कृष्णा गहलावत ने सोनीपत सहित छात्रावास के सभी सफल विद्यार्थियों को विशेष रूप से बधाई दी है। विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के सुपुत्र समीर ने दिल्ली में ग्रामीण युवा केंद्र हॉस्टल स्थापित किया है, जो विशेष रूप से यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को समर्पित किया हुआ है। केंद्र में विद्यार्थियों को निःशुल्क रूप से पुस्तकालय सहित कोचिंग की सुविधा प्रदान की



जाती है। साथ में उनके ठहरने की व्यवस्था के साथ भोजन भी निःशुल्क रूप से उपलब्ध करवाया जाता है। जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए यह केंद्र वरदान बनकर उभर रहा है। दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले युवाओं के लिए निःशुल्क रूप में सभी सुविधाएं मिलने से उन्हें यूपीएससी की तैयारी में विशेष रूप से मदद मिलती है।

ग्रामीण युवा केंद्र हॉस्टल में हरियाणा सहित अन्य राज्यों के विद्यार्थी भी यूपीएससी की तैयारी करते हैं। इस बार केंद्र के 23 विद्यार्थियों ने यूपीएससी में सफलता प्राप्त की है। केंद्र में सर्वाधिक बेहतरीन रैंक सीकर (राजस्थान) की अंजू ने प्राप्त की है, जिनका रैंक 60 है। इनके साथ ही सफल विद्यार्थियों में जयपुर राजस्थान से अपूर्वा सिंह (रैंक-179), पानीपत हरियाणा के हिमांशु कादयान (रैंक-209), बहादुरगढ़ के साहिल धनखड़ (रैंक-245), जींद के विकास कुंडू (रैंक-288), शामली उत्तर प्रदेश की आयुषी चौधरी (रैंक-290), चरखी दादरी की स्वाति फोगाट (रैंक-306), अमरोहा यूपी के सतेंद्र सिंह (रैंक-318), गुजरात के विपुल (रैंक-348), करनाल के यश मलिक (रैंक-369), बाड़मेर राजस्थान के सुखराम (रैंक-448), झज्जर के साहिल (रैंक-472), सीकर राजस्थान के अक्षत मांडिवाल (रैंक-480), सीकर राजस्थान की मोना जाखड़ (रैंक-490), चरखी दादरी के जितेंद्र कुमार (रैंक-500), बीकानेर राजस्थान की सरला जाखड़ (रैंक-593), भिवानी के सचिन पंवार (रैंक-600), बीकानेर राजस्थान के राम निवास सियाग (रैंक-618), नागौर राजस्थान के राज बांगड़ (रैंक-657), झुंझुनु राजस्थान के आशीष कुमार (रैंक-658), नागौर राजस्थान के महिपाल बैरा (रैंक-772) तथा झुंझुनु राजस्थान के मंजीत ढ़ाका (रैंक-793) और झुंझुनु राजस्थान की ही पूजा महला (रैंक-834) शामिल हैं।

# पंचायती राज संस्थाओं को मिलकर काम करके मजबूत बनाएः अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। राजकीय औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढी में वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया । संस्थान में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय पंचायती राज की आवश्यकता देश की उन्नति वह प्रगति में योगदान व उनकी विशेषता के बारे में अपना ज्ञान सांझा किया तथा वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार ने भाषण प्रतियोगिता के समापन पर बताया कि हमारे देश में पंचायती




राज ग्राम स्वराज और स्थानीय स्वशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अशोक कुमार ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को और मजबूत बनाने और उन्हें अधिक प्रभावी बनाने के लिए हमे मिलकर काम करने के लिए हर संभव प्रयास व सहयोग करना चाहिए इस अवसर पर संस्थान के अन्य अनुदेशक आदि मौजूद रहे।

# अवैध रूप से बनी कच्ची सड़कों के जाल तथा नीव को पूर्णतया धवस्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/बराडाः जिला** नगर योजनाकार अम्बाला के दस्ते द्वारा गांव धीन, तहसील बराडा में लगभग 5 एकड़ (खसरा न0 20//7, 8/1, 13, 14, 17/1, 18/1, 19/1) में अवैध रूप से विकसित की जा रही 1 अवैध कालोनियों में बनी कच्ची सडकों के जाल तथा नीव को पूर्णतया धवस्त कर दिया गया। मौका पर जिला नगर योजनाकार - रोहित चैहान, डयूटी मैजिस्ट्रेट अभिषेक (कनिष्ठ अभियंता) व रविन्द्र (क्षेत्रान्वेषक) भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चैहान ने आमजन से अपील



की है कि भूमालिक/प्रोपट्री डीलर में कालोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं। अतः सभी को सूचित किया जाता है कि इस प्रकार से किसी भी झांसे में ना आएं तथा इन अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया।

# गर्भवती महिलाओं को शिविर लगाकर योग क्रियाओं से अवगत करवाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। आयुष विभाग** व योग आयोग हरियाणा द्वारा 11 वें विश्व योग दिवस को सफ़ल बनाने के लिए योग शिविर पुरखास गांव में लगाया गया। स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं को गर्भवती महिलाओं के लिए योग शिक्षिका रेनू ने योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिक्षक जीत राम द्वारा गर्भावस्था से पूर्व और गर्भावस्था के बाद के विशेष सूक्ष्म व्यायाम कलाई, कोहनी, कंधे, टखने, घुटने, कमर, आसन ताड़ासन, वृक्षासन, वीरासन, भद्रासन, वज्रासन, शवासन। प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, शीतली, सीत्कारी, भ्रामरी, प्रणव कराए गए।



योग शिक्षक ने महिलाओं को बताया कि यौगिक क्रियाएं करने से माता और गर्भस्त शिशु पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और प्रसव पीड़ा से भी मुक्ति मिलती है। क्योंकि योगाभ्यास करने से मांसपेशियों में ऊर्जा और लचक बढ़ती है। ध्यान का अभ्यास करने से शारीरिक स्तिथि का अवलोकन करने से भय और संशय दूर होता है। योग शिविर के दौरान डॉ सन्नी के साथ योग शिक्षक दिनेश कुमार, जीत राम, धीरज कुमार, रेनु और रीना ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## संपादकीय

# हिंसा और आतंकवाद का घृणित स्वरूप

**पहलगाम** में 28 निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्याकाण्ड को इतिहास में एक बड़ी अमानवीय घटना के रूप में याद किया जाएगा। भारत को चाहिए कि अब इस जहरिली विचारधारा तथा इसके नेपथ्य में जितनी भी संस्थाएं और देश शामिल है उनका सममूल्य नाश किया जाना चाहिए तब जाकर इन निर्दोष 28 व्यक्तियों की हत्या का बदला माना जाएगा। विचारधारा तथा मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है ' इसराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके विभस्त उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं' यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैं' भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिए'

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं।

# पहलगामः राजनीति नहीं अब रणनीति तय करने की आवश्यकता

**संदीप सृजन**

> पहलगाम हमला कश्मीर में हाल के वर्षों में स्थापित शांति और पर्यटन की प्रगति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। यह भारत के लिए एक अवसर है कि वह कश्मीर में विकास परियोजनाओं, जैसे रेलवे और सड़क नेटवर्क, को और तेज करे। साथ ही, स्थानीय युवाओं को रोजगार और शिक्षा के अवसर प्रदान करके आतंकवाद के प्रति उनकी उदासीनता को और बढ़ाया जा सकता है। कश्मीरियों के बीच भारत के प्रति विश्वास को मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति की बात दोहराई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की मौजूदगी में हुई उच्च-स्तरीय बैठकों में थल, जल, और वायु सेना के विकल्पों पर चर्चा हुई

पहलगाम की बैसरन घाटी, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से जाना जाता है, एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। यहाँ हुए हमले की टाइमिंग कई मायनों में महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, यह हमला तब हुआ जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत के दौरे पर थे। दूसरा, यह अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से ठीक पहले हुआ, जो कश्मीर में पर्यटन और धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख समय होता है। तीसरा, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के हालिया बयान, जिसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की जुगुलर वेन (जीवन रेखा) बताया था, ने इस हमले को एक सुनियोजित भू-राजनीतिक कदम के रूप में देखने का आधार दिया। इस हमले का तरीका भी चिंताजनक है। आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया, उनकी धार्मिक पहचान पूछी, और हिंदू नामों वाले लोगों पर गोलियां चलाईं। यह रणनीति न केवल सांप्रदायिक तनाव को भड़काने की कोशिश थी, बल्कि कश्मीर के पर्यटन उद्योग को नुकसान पहुंचाने और भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने का प्रयास भी था। यह हमला 2000 के छत्तीसिंहपुरा नरसंहार और 2023 में हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले की याद दिलाता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय आतंकी गठजोड़ की आशंका बढ़ी है। पहलगाम हमले को राजनीतिक चश्मे से देखने की प्रवृत्ति स्वाभाविक है, खासकर तब जब भारत में हर घटना को सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच वोट बैंक की राजनीति से जोड़ा जाता है। कुछ नेताओं ने इस हमले को धार्मिक आधार पर सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की, जबकि अन्य ने सरकार की सुरक्षा नीतियों पर सवाल उठाए। हालांकि, इस दृष्टिकोण से केवल अल्पकालिक राजनीतिक लाभ हो सकता है, लेकिन यह दीर्घकालिक रणनीतिक अवसरों को नजरअंदाज करता है। यह हमला भारत के लिए एक रणनीतिक अवसर है सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने का। पहलगाम हमले ने भारत की सुरक्षा व्यवस्था में खामियों को उजागर किया। खुफिया जानकारी की कमी, पर्यटक स्थलों पर अपर्याप्त सुरक्षा, और आतंकियों की घुसपैठ की आसानी ने सवाल उठाए। यह भारत के लिए अपनी खुफिया एजेंसियों, जैसे रॉ और आईबी, को और सशक्त करने का अवसर है। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और अन्य आतंकवाद-रोधी इकाइयों को पर्यटक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में स्थायी रूप से तैनात करने की रणनीति पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा, ड्रोन और सैटेलाइट निगरानी जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जा सकता है। इस हमले की निंदा अमेरिका, ब्रिटेन, और यहां तक कि तालिबान ने भी की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। यह भारत के लिए एक अवसर है कि वह वैश्विक मंच पर पाकिस्तान को आतंकवाद के प्रायोजक के रूप में और अधिक उजागर करे। संयुक्त राष्ट्र और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स जैसे मंचों पर भारत अपने कूटनीतिक प्रयासों को तेज कर सकता है।



**पहलगाम आतंकी हमला एक दुखद घटना है, लेकिन इसे केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से देखना भारत के दीर्घकालिक हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। यह हमला भारत के लिए अपनी सुरक्षा, कूटनीति, और सैन्य रणनीति को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। पाकिस्तान को आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए भारत को आर्थिक, कूटनीतिक, और सैन्य दबाव बढ़ाना होगा**

साथ ही, हमास और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के बीच संभावित गठजोड़ की जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाया जा सकता है। भारत ने हमले के तुरंत बाद कड़े कदम उठाए। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (उउर) की बैठक में 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रद्द करने और अटारी सीमा पोस्ट को बंद करने जैसे फैसले लिए गए। यह भारत की पानी की चोट रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और कृषि पर दबाव डालना है। इसके अलावा, भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं रोक दीं, जो एक सांकेतिक कदम है। यह रणनीति पाकिस्तान को आर्थिक और कूटनीतिक रूप से अलग-थलग करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

पहलगाम हमला कश्मीर में हाल के वर्षों में स्थापित शांति और पर्यटन की प्रगति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। यह भारत के लिए एक अवसर है कि वह कश्मीर में विकास परियोजनाओं, जैसे रेलवे और सड़क नेटवर्क, को और तेज करे। साथ ही, स्थानीय युवाओं को रोजगार और शिक्षा के अवसर प्रदान करके आतंकवाद के प्रति उनकी उदासीनता को और बढ़ाया जा सकता है। कश्मीरियों के बीच भारत के प्रति विश्वास को मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति की बात दोहराई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की मौजूदगी में हुई उच्च-स्तरीय बैठकों में थल, जल, और वायु सेना के विकल्पों पर चर्चा हुई। यह भारत के लिए सर्जिकल स्ट्राइक या अन्य लक्षित कार्रवाइयों के माध्यम से आतंकी ठिकानों को नष्ट करने का अवसर है। साथ ही, सीमा पर घुसपैठ को रोकने के लिए और सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।

रणनीतिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए भारत को कई चुनौतियों का सामना करना होगा। पहला, आंतरिक राजनीतिक मतभेद इस प्रक्रिया को जटिल बना सकते हैं। विपक्षी दलों द्वारा हमले को सरकार की विफलता के रूप में चित्रित करना रणनीतिक एकजुटता को कमजोर कर सकता है। दूसरा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से निरंतर समर्थन प्राप्त करना कठिन हो सकता है, खासकर तब जब पाकिस्तान अपने कूटनीतिक प्रयासों को तेज करेगा। तीसरा, कश्मीर में स्थानीय आबादी के बीच विश्वास बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि इस तरह के हमले सांप्रदायिक तनाव को बढ़ा सकते हैं।

पहलगाम आतंकी हमला एक दुखद घटना है, लेकिन इसे केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से देखना भारत के दीर्घकालिक हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। यह हमला भारत के लिए अपनी सुरक्षा, कूटनीति, और सैन्य रणनीति को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। पाकिस्तान को आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए भारत को आर्थिक, कूटनीतिक, और सैन्य दबाव बढ़ाना होगा। साथ ही, कश्मीर में शांति और विकास को प्राथमिकता देकर आतंकवाद के मूल कारणों को संबोधित करना होगा। यह समय है कि भारत इस त्रासदी को एक रणनीतिक अवसर में बदल दे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और कश्मीर में स्थायी शांति स्थापित हो सके।

## कविता

**दस्तक देता कौन दर पर संजीव।**

मैं तो अपनी शर्तों पर जीता हूं.
पराये दर्द के अश्कों को पीता हूं।

रातें तो सितारों संग बीत जाती हैं,
दिन के उजालों से बचता रहता हूं।

अब चले ना चले कोई साथ मेरे
मैं तो सदा खुद के संग चलता हूं।

ना शायरी,आशिकी ना मोहब्बत
लोग हंसते हैं जाने कैसे जीता हूं।

बहारें भी लौट गई मुझको देखकर
अब फूल नहीं कांटे चुनता रहता हूं।

आईना हमेशा हंसता रहा मुझ पर
लिए पत्थर सा चेहरा घूमता रहता हूं ।

न खबर आई ना कोई आएगा यहां
मैं तो बेखुदी के वीरानें में रहता हूं ।

तमन्नाओं से क्या वास्ता होगा मेरा
रिश्ता जो उससे छत्तीस रखता हूं।

ये दस्तक कौन देता है घर-पर संजीव
दरवाजा घर का हमेशा खुला रखता हूं।

संजीव
---------

# फिर खून से लाल हुई घाटी

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**कश्मीर** में पहलगाम जिले के बैसरन घसियाले मैदान में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हमला किया है। यह हमला ही नहीं, बल्कि दानवी नरसंहार है, जिसमें 27 निहत्थे, निर्दोष, मासूम पर्यटकों को, मात्र 20 मिनट में ही, लाश बना दिया गया। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। पाबैसरन घाटी पहलगाम से करीब 7 किमी दूर है। एक बेहद खूबसूरत घास का मैदान, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड कहते हैं, लेकिन आतंकियों ने उसे भी खून से लथपथ कर बदनाम कर दिया। असल में ये आतंकी नहीं, मुस्लिम आतंकी हमला था, क्योंकि इन्होंने धर्म पूछ कर गैर-मुस्लिमों की चुन-चुनकर हत्या की। जो मुस्लिम नहीं था, उन्हें ये गोली मारते गए। इन इस्लामी आतंकियों ने पैंट खोलकर खतना चेक किए। जिन लोगों का खतना नहीं हुआ था, उन्हें गोली मार दी। आतंकियों ने पर्यटकों से कलमा पढ़ने को कहा। जो कलमा नहीं सुना पाए, उन्हें गोली मार दी। हिंदुओं के इस कत्लेआम को लेकर लोगों में काफी गुस्सा हैं। बताया गया है कि 4-5 आतंकी थे। उन्होंने 50-70 राउंड गोलीबारी की और 27 सैलानियों को मौत की नींद सुला दिया। अधिकतर पुरुष पर्यटकों को ही निशाना बनाया गया। कर्नाटक की एक महिला ने पति की मौत के बाद जब कहा कि उसे भी मार दें, तो आतंकियों ने जवाब दिया-नहीं, तुम्हें नहीं मारेंगे। तुम जाओ, जाकर मोदी को बता दो। इस जवाब से ही आतंकियों की सोच और मंशा समझी जा सकती है। इतना सब होने के बाद भी कुछ लोगों को लगता है कि ये इस्लामी आतंक नहीं है। आतंकी हमले के तुरंत बाद से देश भर में कथित सेकुलर- लिबरल गैंग एक्टिव हो गया है। देश के कुछ पेड पक्षकार भी ये साबित करने में लग गए हैं कि ये इस्लामी अटैक नहीं था। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के यूनिट द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इंटेलिजेंस का दावा है कि टीआरएफ आतंकी सैफुल्लाह खालिद पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड है। वह सैफुल्लाह कसूरी के नाम से भी जाना जाता है। सैफुल्लाह लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ है। उसे लश्कर के संस्थापक आतंकी हाफिज सईद का बेहद करीबी माना जाता है। सैफुल्लाह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके के रावलकोट का रहने वाला है। वहीं से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को ऑपरेट कर रहा था। उसने मार्च में एक भाषण दिया था, जिसका वीडियो सामने आया है। इसमें वह सख्त लहजे में पाकिस्तान सरकार से कश्मीर मुद्दा शांत न पड़ने देने की बात कह रहा है। सैफुल्लाह का ये भाषण मार्च 2025 का बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी तारीख और लोकेशन का पता नहीं है।

पाकिस्तान को महसूस हो गया था कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या, जो इस साल के अंत तक तीन करोड़ को पार कर सकती थी, उसकी दुष्प्रचार नीति और कश्मीर को लेकर रचाई गई झूठी कहानी को नकार रही है।

## विचार

# कश्मीरियों का साथ-पूरी दुनिया का हाथ

**किशन सनमुखदास**

वैश्विक स्तरपर आतंकवाद आज हर देश के लिए सर दर्द बना हुआ है, परंतु इसका स्थाई समाधान दशकों से नहीं निकल पा रहा है। यही समस्या भारत के लिए भी दशकों से बनी हुई है,परंतु अगर मजबूत इरादे हो व संकल्पों को क्रियान्वयन करने का हौसला हो तो कुछ असंभव नहीं है, इसी फामूर्ले पर चलकर भारत ने नक्सलवाद माओवाद को 31 मार्च 2026 तक जड़ से समाप्त करने की डेड लाइन दी है, इस क्रिया से रिएक्शन ऐसा हो रहा है कि लाखों रुपए के इनामी खूंखार नक्सली सरेंडर कर रहे हैं या फिर मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं क्योंकि स्थानीय लोगों का साथ शासन प्रशासन को मिल रहा है। यह चर्चा आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 22 अप्रैल 2025 को जो पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा हमला कर 27 सैलानियों को गोलियां चलाकर मार डाला गया है, यह घटना कश्मीर वासियों खासकर पहलगाम वासियों को नागवार गुजरी है और 35 वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है कि इस घटना के विरोध में करीब करीब सभी पक्षों, संगठनों, कश्मीरीयों लोकल निवासियों द्वारा 23 अप्रैल 2025 को बंद का आह्वान किया गया था यहां तक कि मस्जिदों के लाउडस्पीकर से भी बार-बार बंद में शामिल होने की गुजारिश है की जा रही थी, ऐसा प्रोटेस्ट का माहौल मैंने अपने 40 वर्षों के आर्टिकल लेखन द्वारा मीडिया से जुड़े अपने करियर में कभी नहीं देखा। कश्मीर घाटी में हमले तो आनेकों हुए हैं परंतु उस क्षेत्र के लोकल निवासियों का ऐसा प्रोटेस्ट मैंने कभी नहीं देखा। कश्मीर लालचौक निवासी प्रसिद्ध प्रिंट व डिजिटल मीडिया सीएनएन के चीफ एडिटर व मेरे परम मित्र राशिद भाई जो प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया का अच्छा अनुभव भी रखते हैं उनसे मैंने मोबाइल फोन पर बातचीत कर इस घटना के संबंध में जानकारी मांगी तो उन्होंने मुझे अनेकों वीडियो क्लिप भेजी जिसमें पहलगाम के लोकल निवासी इस घटना के विरोध में जोर-शोर से प्रोटेस्ट कर रहे हैं उन क्लिप्‍पों में हम हिंदुस्तानी हैं, हिंदुस्तान हमारा है व इंडियन आर्मी जिंदाबाद इत्यादि अनेकों नारे आसानी से सुनें जा सकते हैं। राशिद भाई ने बताया कि यहां इस घटना से नागरिकों में काफी रोष भरा है, क्योंकि उनका रोजगार सैलानियों से जुड़ा है, इस तरह वहां के सीएम तथाविपक्षी नेताओं ने भी इस बारे में सरकार को पूरा सहयोग देने व घटना का जोरदार विरोध किया है व अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है,तो उधर केंद्र स्तर पर भी पूरे विपक्ष ने एकजुट होकर इस घटना की जोरदार भर्टस्ना की है, व दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है। मेरा मानना है कि अगर पूरे कश्मीर के निवासी, भारत सरकार, इंडियन आर्मी व दुनियाँ के सभी देश एक साथ हो जाएं तो आतंकवाद बच नहीं सकता,उसका भी डेडलाइन नक्सलवाद समाप्ति की तरह 31 मार्च 2026 निर्धारित किया जा सकता है। चूँकि दहशतगर्दी के विरोध में पूरा कश्मीर बंद सफल हुआ पहलगाम वासी सड़कों पर उतरे तथा विरोध प्रदर्शन किया, मस्जिदों से भी लाउडस्पीकरों से बंद में शामिल होने की अपील की गई तथा 35 वर्षों में पहली बार कश्मीर भी आतंकवाद के खिलाफ रोड पर उतरा व इंडियन आर्मी जिंदाबाद,हम हिंदुस्तानी है हिंदुस्तान हमारा है,के नारे लगे इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कश्मीर वासियों का साथ, पूरी दुनियाँ का हाथ, भारत कीएक्शन पर तुरंत रिएक्शन की रणनीति लगातार चली तो, नक्सलवाद की तरह आतंकवाद पर भी डेड लाइन 31 मार्च 2026 घोषित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

साथियों बात अगर हम 35 वर्षों में पहली बार कश्मीर वासियों का आतंकवाद के खिलाफ रोडपर उतरने प्रोत्सट करने की करें तो, श्रीनगर से दिल्ली तक हलचल के बीच कश्मीर घाटी भी इस आतंकी वारदात के खिलाफ खड़ी नजर आ रही है, इस जघन्य आतंकी वारदात के खिलाफ पहलगाम समेत कश्मीर के कई इलाकों में लोग प्रदर्शन करते नजर आए।ऐसा पहली बार है, जब कश्मीर के लोग आतंकियों के खिला खुलकर बोल रहे हैं, सत्ताधारी और विपक्षी, सभी दल इस वारदात के विरोध में एकजुट हो गए हैं तो वहीं हुर्रियत कॉन्फ्रेंस जैसा संगठन भी घाटी बंद का आह्वान कर रहा है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# सम्मान के साये

**विनोद भगत**

**छोटे** से कस्बे शीकापुर में दो मित्र साथ-साथ स्कूल जाते थे-रघु और अमित। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते, लेकिन स्वभाव एकदम विपरीत। रघु तेजतर्रार, उद्दंड और मारपीट में आगे, जबकि अमित शांत स्वभाव का, पढ़ाई में अव्वल और शिक्षकप्रिय। रघु को अक्सर स्कूल से निकाले जाने की धमकी मिलती, जबकि अमित हर पुरस्कार समारोह में मंच पर होता।

रघु बहुत ही शरारती या यूं कहें अभद्र और उद्दंड स्वभाव का था। कक्षा में शिक्षक ने उसकी किसी शरारत पर उसे डांटा। लेकिन उद्दंड रघु ने शिक्षक को अपशब्द कहे, पूरी कक्षा सहमी रही। शिक्षक बुरी तरह क्रोधित हो गये। उन्होंने प्रधानाचार्य को सारे मामले से अवगत कराया। रघु की उद्दंडता देखिए कि उसने प्रधानाचार्य को भी अपशब्द कहे। दरअसल कस्बे के एक राजनीतिक नेता का रघु के परिवार को वरदहस्त प्राप्त था जिसके नाम पर न केवल रघु वरन उसका पूरा परिवार कस्बे में अपना दबदबा कायम रखता था। स्कूल में हमेशा एक बात दोहराई जाती थी- रघु का तो कुछ नहीं होगा, और अमित अपनी मेधावी प्रकृति के चलते यश प्राप्त कर देश का नाम रोशन करेगा।रघु की उद्दंडता लगातार बढ़ती रही। जबकि अमित अपनी तीव्र बुद्धि के बल पर शिक्षा में उन्नति के आयाम प्रतिस्थापित करता रहा। 10वीं के बाद अमित शहर चला गया। रघु ने पढ़ाई छोड़ दी और किसी लोकल नेता के पीछे लग गया, जिसने उसमें जोश देखा, दिशा नहीं। रघु ने शराब की अवैध बिक्री शुरू कर दी। एक दो बार वह जेल भी गया लेकिन नेता का प्रभाव कहें या व्यवस्था की कमी वह हर बार साफ बच कर आता रहा। हां पुलिस ने कई बार उसे पीटा भी। इस बीच वह अपने नेता की पार्टी में पदाधिकारी भी बना दिया गया। अब तो रघु और भी आक्रामक हो गया। आंदोलनों के नाम पर धरना प्रदर्शन में भाग लेना और तोडफोड़ करना उसका नियम बन गया। स्थानीय जनता में वह दबंग नेता के रूप में चर्चित हो गया। शुरू में रघु ने कुछ चुनाव भी लड़े जिनमें उसे सफलता नहीं मिली। उधर अमित ने प्रशासनिक सेवा की तैयारी शुरू की, संघर्ष किया, और आखिरकार वह आईएएस अफसर बना।

# सत्ता और सड़कों के सियासी सौदागर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**लोकल** कॉलोनी के सियारपुर चौराहे पर जब एक नया दुकान खुला, जिसका नाम था जन सेवा क्लिनिक, लोगों ने सोचा कि शायद उनके दुखों का कोई अंत होगा। लेकिन नाम के पीछे का व्यंग्य तो वही जान सकता था जिसने हड्डियों से बना पुल पार किया था। डॉक्टर साब सारी बीमारियों का इलाज करते हैं, ऐसा प्रचार हर नुक्कड़ पर गूँज रहा था। लेकिन क्लिनिक के अंदर कदम रखते ही, जनता को सेवा का असली मतलब समझ में आया।यहाँ जनता से फीस नहीं, बल्कि अनुदान माँगा जाता था। "भाईसाब, आपका अनुदान हमारी देशभक्ति को और मजबूत करता है," यह बात खुद डॉक्टर की जुबान से निकलती थी। जनता के दर्द का इलाज होता था स्माइल पॉलिसी से, जहाँ मरीज को हंसते-हंसते अपना दर्द भूल जाने को कहा जाता था। डॉक्टर साब का अनोखा फॉमूर्ला सबके सिर चढ़कर बोलता था। अंधेरे का इलाज, मोमबत्तियों की फेरी और भूख का इलाज, खाली थाली का झुनझुना।

आखिरकार लोग समझ गए कि यह क्लिनिक दरअसल ह्लसड़कों का सियासी सौदागरह्व का अड्डा है, जो जनता की आहों पर अपनी राजनीति की रोटी सेंकता है। एक दिन, जनता में हिम्मत जगी और उन्होंने सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज उठाई। डॉक्टर साब ने उन्हें सामाजिक क्रांति का नाम दिया और अपने क्लिनिक में विशेष ऑफर की घोषणा की। "क्रांति का इलाज, क्रांति का ही इंजेक्शन"। जनता हंसते-हंसते पस्त हो गई, लेकिन अंदर ही अंदर वो आँसुओं से भर गई। सियारपुर की सड़कों ने देखा, एक वृद्ध जो मूक और बधिर था, डॉक्टर के प्रचार तंत्र का शिकार बन गया। उसे अनुदान का पोस्टर बना दिया गया। हर दिन वह पोस्टर के सामने बैठा रहता, लेकिन उसकी आँखों में दर्द की गहराई किसी कवि का गीत बन सकती थी। चौराहे पर इस व्यंग्यात्मक कहानी का अंत उस दिन हुआ जब जनता ने सारे पोस्टर फाड़ दिए और डॉक्टर साब को उनके जन सेवा की सेवा बंद करने पर मजबूर किया। लेकिन जाते-जाते डॉक्टर ने एक आखिरी पंचलाइन दिया, "देशभक्ति का दाम लोग नहीं समझते।

## न्यूज फ्लैश

### हकेवि में पर्यावरण सैंपलिंग और कण प्रदूषण पर कार्यशाला आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के व्यावसायिक अध्ययन और कौशल विकास विभाग द्वारा ह्यपर्यावरण सैंपलिंगः कण प्रदूषकों का सटीक मापनह्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान की सहआचार्य डॉ. इरा उपाध्याय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यशाला की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लाइफ लॉन्ग लर्निंग के डीन एवं कार्यशाला के संयोजक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने शहरीकरण और औद्योगीकरण के दौर में पर्यावरण निगरानी की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को अनुसंधान आधारित व्यावहारिक कौशल प्रदान करने के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक मंचों की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. इरा उपाध्याय ने वायु गुणवत्ता का आकलन करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु आवश्यक कण प्रदूषकों के सैंपलिंग और सटीक मापन की उन्नत तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला के आयोजन में प्रदीप कुमार चौहान और डॉ. सुनील कुमार ने समन्वयक व शालू सैनी, नसीब फोगाट, और पिंकी कांटिवाल ने आयोजन समिति के सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यशाला में मंच का संचालन बी.वॉक. इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट की छात्रा मनस्वी ने किया। कार्यशाला के अंत में डॉ. सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### ज्ञान पाठ्यक्रम के अंतर्गत लैंगिक दृष्टिकोण और प्रवासन नीतियों पर केंद्रित सत्र आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय** (हकेवि), महेंद्रगढ़ में आयोजित दक्षिण एशिया से अंतरराष्ट्रीय प्रवासनः संदर्भ और नीतियाँ विषय आयोजित किए जा रहे ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स (ज्ञान) पाठ्यक्रम के तीसरे दिन जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सह-आचार्य प्रो. राम्या रंजन पटेल और वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान की डॉ. एलीना समंतरॉय विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन की शुरूआत में ह्यज्ञानह्य पाठ्यक्रम के स्थानीय समन्वयक प्रो. गुंजन गोयल और पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. रीमा गिल ने विशेषज्ञों का स्वागत किया। विशेषज्ञ वक्ता प्रो. राम्या रंजन पटेल ने ह्यऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय प्रवासनः दासता और अनुबंधित श्रमह्य पर व्याख्यान देते हुए उपनिवेशकालीन प्रवासन के स्वरूप और इसके वैश्विक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। दूसरे सत्र में हाल के वर्षों में ह्यअंतरराष्ट्रीय प्रवासनः चुनौतियाँ और नीति सुझावह्य में वर्तमान प्रवासन प्रवृत्तियों और समावेशी, नीतियों की आवश्यकता पर बल दिया। इसी क्रम में दूसरी विशेषज्ञ डॉ. एलीना समंत रॉय ने ह्यप्रवासन पर नारीवादी दृष्टिकोणः असंगठित श्रमिकों के सन्दर्भ मेंह्य प्रवासन के लैंगिक पक्षों की विवेचना की। उन्होंने विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र की महिलाओं के अनुभवों को रेखांकित किया। दूसरे सत्र में अंतरराष्ट्रीय श्रम मानक और प्रवासन से संबंधित श्रम संहिता में डॉ. एलीना ने प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा हेतु अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढाँचों की विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व दिन की शुरूआत में सभी प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों और अतिथियों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दिन का अंतिम सत्र यूनिवर्सिटी ऑफ द वेस्ट ऑफ स्कॉटलैंड की डॉ. राधा अधिकारी द्वारा लिया गया।

# मनोहर लाल ने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निधन पर प्रकट किया गहरा दुख

## परिजनों व विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी की वेदना सुनकर मनोहर लाल की आंखें हुई नम



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। केंद्रीय ऊर्जा,** आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल वीरवार को करनाल पहुंचे और कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के शिकार हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया और परिजनों को सांत्वना दी। परिजनों व विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी की वेदना सुनकर मनोहर लाल की आंखे नम हो गईं। उन्होंने कहा कि यह घटना परिवार के साथ-साथ देश के लिए भी बहुत दुखदायी है। दुख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ है और परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह बहुत ही दुख की बात है कि देश का एक नौजवान और होनहार सैनिक लेफ्टिनेंट विनय नरवाल आतंकवादियों के हमले का शिकार हो गया है। इस घटना को लेकर सिर्फ उनके परिवार में ही नहीं, हम सब के मन में भी बहुत ही दुख है कि लेफ्टिनेंट विनय नरवाल जिसे लम्बे समय तक देश की सेवा करनी थी, उसे कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने बर्बरतापूर्वक गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। आतंकवादियों की इस घिनौनी हरकत की मैं घोर निंदा करता हूं। उन्होंने बताया कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के अलावा 25 अन्य पर्यटक तथा एक स्थानीय नागरिक भी मारा गया है। इनमें नेपाल का एक पर्यटक भी हमले का शिकार हुआ है। मैंने नेपाल के प्रधानमंत्री से मिलकर उन्हें भी सांत्वना दी। इस घटना के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री के बीच बातचीत हुई है। उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। भारत के कश्मीर व अन्य प्रदेशों में और नेपाल में प्रतिवर्ष हजारों पर्यटक आते हैं, अगर पर्यटक सुरक्षित नहीं होंगे तो पर्यटन व्यवस्था में कठिनाईयां आएंगी। उन्होंने कहा कि गत दिवस नेपाल प्रवास के दौरान भारत से तीर्थ यात्रा आदि पर नेपाल गए पर्यटकों से मैंने मुलाकात की और इस मुद्दे पर बात की।

## सीएम ने वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय भूपेंद्र सिंह राठौर के निधन पर किया शोक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मुख्यमंत्री नायब सिंह** सैनी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विरेंद्र राठौर के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय श्री भूपेंद्र सिंह राठौर के निधन पर उनके निवास स्थान सेक्टर-13 में जाकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतिप्त परिवार को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय श्री भूपेंद्र सिंह राठौर का निधन परिवार ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी अपूर्णीय क्षति है। वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय श्री भूपेंद्र सिंह राठौर वकालत के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में भी बढ़-चढकर भाग लेते थे। उन्होंने कहा कि परिवार में अपनो का जाना बेहद दुखद होता है, लेकिन संसार में जीवन और मृत्यु निश्चित है। वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय श्री भूपेंद्र सिंह राठौर काफी दिनों से बीमार चल रहे थे, उनका दिल्ली में गत दिवस निधन हो गया था। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, नगर निगम की मेयर रेणू बाला गुप्ता, भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## मनोहर लाल ने भूपेंद्र सिंह राठौर के निधन पर जताया शोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। केंद्रीय बिजली, आवास** और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने वीरवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विरेंद्र राठौर के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय भूपेंद्र सिंह राठौर के निधन पर उनके निवास स्थान सेक्टर-13 में जाकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने समाज उत्थान व एकजुटता के लिए सदैव समर्पित भाव से योगदान दिया, उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

# अवैध कॉलोनियों में न करें कोई निर्माण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला नगर** योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस असंध में 4 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि असंध में सफीदों रोड पर खाटू श्याम मंदिर के नजदीक लगभग 4 एकड़ में स्थित अवैध कॉलोनी में सभी कच्ची सडकों व 2 डीपीसी को तोड़ा गया। इसी प्रकार से मलिकपुर रोड पर लगभग 8.5 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में सभी कच्ची सडकों, 3 डीपीसी, सीवर नैटवर्क व 2 दुकानों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 3 दुकानों को सील किया गया। उन्होंने बताया कि असंध बाई पास पर बस स्टैण्ड के पीछे गीता कॉलोनी के साथ लगभग 3 एकड़ में स्थित एक अवैध कॉलोनी में 3 निमार्णाधीन मकान, 5 डीपीसी, सीवर नेटवर्क व सभी कच्ची सडकों को ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार करनाल-असंध रोड पर यश होटल के नजदीक लगभग 2.5 एकड़ में स्थित एक अवैध कॉलोनी में 2 डीपीसी व सभी पक्की सडकों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया इस अवैध कॉलोनी में विभाग द्वारा पांचवी बार तोडफोड़ की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना असंध की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे। जिला नगर योजनाकार ने लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड़ की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निमार्णों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्यवाही जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाए जाएंगे।

## जीयू में पहुंचे सोमालिया के राजदूत डॉ अब्दुल्लाही

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**गीता यूनिवर्सिटी में** बुधवार को सोमालिया गणराज्य के राजदूत सोमालिया गणराज्य के राजदूत डॉ अब्दुल्लाही मोहम्मद ओडोवा नेने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही सोमालिया व भारतीय छात्रों के आदान प्रदान पर विचार विमर्श किया गया। यह दौरा भविष्य में गीता यूनिवर्सिटी के लिए मिल का पत्थर सबिता होगा। इससे अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक शिक्षा की दिशा में ने आयाम स्थापित होंगे। सोमालिया गणराज्य के राजदूत डॉ अब्दुल्लाही मोहम्मद ओडोवा ने कहा की शिक्षा, संस्कृति और वैश्विक साझेदारियों से एक देश को दूसरे देश की संस्कृति को भी समझने का अवसर मिलेगा। शिक्षा वह सेतु है जो देशों और संस्कृतियों को जोड़ती है। गीता यूनिवर्सिटी के वैश्विक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए उन्होंने भविष्य में सोमालिया और भारत के बीच शैक्षिक आदान-प्रदान को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस मोके पर प्रो चांसलर निशांत बंसल, प्रो चांसलर अंकुश बंसल, कुलपति डा विकास सिंह व पीवीसी डा गुलशन चौहान भी उपस्थित रहे।

## प्ले वे स्कूलों के लिए 15 मई तक पंजीकरण कराना अनिवार्यः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**महिला एवं बाल विकास** विभाग के तत्वावधान में वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में प्ले वे स्कूलों के संचालन को लेकर उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि अच्छी शिक्षा व संस्कार ही देश के निर्माण मे बेहतरीन भूमिका निभाते हैं। बच्चो को छोटी आयु में अच्छी शिक्षा मिलती है तो उनका बेश अच्छा होता है। उपायुक्त ने बैठक में जिले में संचालित किए जा रहे प्ले वे स्कूलों का खंड अनुसार ब्यौरा महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्ले वे स्कूलों क ा पंजीकरण 15 मई तक करवाना सुनिश्चित करें। विभाग इसको लेकर गांव स्तर पर मनादी करवाना सुनिश्चित करे। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा विभाग को भी इसमें सहयोग करना होगा। उन्होंने सभी खण्डों में संचालित हो रहे प्ले वे स्कूलों के बारे में भी अपडेट लिया। उपायुक्त ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इसके लिए इमानारी से मेहनत करने के निर्देश दिये।

## अवैध माईनिंग रोकने को लेकर प्रशासन ओर बरतेगा सख्ती

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**जिला सचिवालय के** सभागार में वीरवार को उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को बैठक में अवैध माईनिग पर रोक लगाने को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि अब तक 12 व्यक्तियों के खिलाफ अवैध माईनिग को लेकर एफआईआर अर्ज की गई है व 7 वाहनों को सीज किया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध माईनिंग का कार्य किसी भी सूरत में नही होना चाहिए। अधिकारियो को जहां पर अवैध माईनिग की गुंजाईश नजर आये तुरंत कार्यवाही करनी होगी। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में और तेजी लाने व ज्यादा से ज्यादा चालान करने और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

# चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

**बाइक 10 अप्रैल को लाल बत्ती चौक के नजदीक मार्केट में खाली प्लाट से चोरी करने के बारे में स्वीकारा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
सीआईए टू पुलिस टीम ने उन मंडी के पास एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमित निवासी आसन कला के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी को उसने विगत दिनों बाइक चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ वह चोरी की उक्त बाइक को कई दिन से बेचने की कोशिश में था, उसे कोई खरीदार नहीं मिला। आरोपी बुधवार को चोरी की बाइक पर सवार होकर बेचने के लिए उन मंडी में पास ग्राहक की फिराक में आया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को बुधवार को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक स्पलेंडर बाइक सवार होकर उन मंडी के पास घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर बाइक सवार युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अमित पुत्र धर्मबीर निवासी आसन कला के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 10 अप्रैल को लाल बत्ती चौक के नजदीक मार्केट में खाली प्लाट से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में मोहम्मद मुस्तफा पुत्र अलीशान निवासी राणा माजरा की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

## आठवले आज शिरकत करेंगे अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः आज केन्द्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले 25 अप्रैल को दोपहर 12:50 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में भारतरत्न डा. बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान लोगों से सरकार की योजनाओं पर सीधा संवाद और चर्चा भी करेंगे। इसके उपरांत शाम 4 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विश्रामगृह में प्रेस मीटिंग भी करेंगे। इस जानकारी (रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के आठवले ) के प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी वालिया ने दी है।

# हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिएः सुषमा



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत बाल भवन द्वारा** सनौली खुर्द के ईंट भटठो पर भट्ठा पाठशाला का शुभारंभ किया. भट्ठा पाठशाला का उद्घाटन हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने रीबन काट कर किया.कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने की 'सीनियर जिला बाल कल्याण अधिकारी सरोज मलिक ने शुभारंभ में हिस्सा लिया। पाठशाला के शुभारंभ पर मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है किसी भी वर्ग का बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। यही हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद का मुख्य उद्देश्य है.। सुषमा गुप्ता ने कहा की ईंट भटठो पर गरीब तबके के परिवार रहते हैं जो पैसों के अभाव में अपने बच्चों को नहीं पढ़ा सकते लेकिन अब उनके बच्चों को निशुल्क पढ़ाया जाएगा। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को निशुल्क पुस्तके व अन्य सामग्री दीं जाएगी. वहीं जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि इसीलिए मैं जो भी बच्चा आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई लिखाई से वंचित है ऐसे बच्चों को पढ़ाई लिखाई का अधिकार बाल भवन की तरफ से भट्ठा पाठशालाओं पर निशुल्क दिया जाएगा। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें खुशी महसूस हो रही है कि अब यह बच्चे पढ़ लिख कर अपने अधिकारों की पहचान कर पाएंगे. ।सीनियर डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड ऑफिसर सरोज मलिक ने कहा की बच्चे देश का भविष्य है, और देश के भविष्य को पढ़ा लिखा होना जरूरी है ऐसे मे काउंसिल का उदेश्य देश के भविष्य को शिक्षित करना है 'कार्यक्रम में मुख्य रूप से सनौली खुर्द के सरपंच संजय त्यागी सुप्रसिद्ध समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता रतन रावल मौजूद रहे। सनोली खुर्द सरपंच संजय त्यागी ने कहा कि उनके गांव के तीन भटठो पर लगभग डेढ़ सौ से 200 बच्चे पढ़ते हैं।

# स्वस्थ जीवन शैली पर सेमिनार का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**एस.डी. पी जी कॉलेज** पानीपत एवं आरोग्य भारती की पानीपत इकाई के संयुक्त तत्वाधान में स्वस्थ जीवन शैली- वर्तमान समाज की आवश्यकता पर एक सेमिनार दिनांक महाविद्यालय के सेमिनार हाल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ अशोक कुमार राष्ट्रीय संगठन मंत्री आरोग्य भारती रहे। कार्यक्रम के शुरू में भगवान धन्वंतरि की वंदना की गई व पुष्प अर्पण किये गए। तत्पश्चात आरोग्य भारती उत्तर और राजस्थान क्षेत्र के संयोजक श्री संजीवन द्वारा आरोग्य भारती का परिचय करवाया गया और आरोग्य भारती द्वारा देश भर में आम जन की स्वास्थ्य रक्षा के लिये किये जा रहे विभिन कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। इसके उपरांत मुख्य वक्ता डॉ अशोक वार्ष्णेय ने स्वस्थ जीवन शैली विषय पर व्याख्यान दिया। स्वास्थ्य के जीवन में महत्व के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा स्वास्थ्य हमारे स्वयं की जिम्मेवारी है और अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए हमें आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों का पालन अवश्य करना चाहिए। अपने वक्तव्य में उन्होंने जोर देते हुए कहा अपने स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने के लिए हमें विरुद्ध आहार पर अवश्य ही कंट्रोल करना चाहिए। बहुत सारी बीमारियों की जड़ विरुद्ध खानपान है। उदाहरण देते हुए उन्होंने समझाया की दूध के साथ कभी भी खट्टे फलों का सेवन नहीं करना चाहिए। दूध और पनीर के साथ सिर्फ मीठी वस्तु ही इस्तेमाल की जा सकती हैं। किसी भी नमकीन वस्तु का इस्तेमाल दूध या पनीर के साथ उसे दूषित कर देता है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी दिनचर्या को संयमित और नियमित बनाने पर भी बल दिया। अपने लिए हर रोज व्यायाम के लिए समय निकालना, योग और प्राणायाम करना, शारिरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। रात्रि काल में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट से दूर रहना भी हमारे स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। मुख्य वक्ता के उद्बोधन के उपरांत जिले के माननीय संघ चालक अनूप कुमार द्वारा भी संबोधित किया गया। उन्होंने भी अपने उद्बोधन में ऋषि मुनियों द्वारा भोजन से संबंधित दिए गए प्राचीन ज्ञान का अनुसरण करने की सलाह दी। भोजन के उपरांत ठंडी वस्तुओं जैसे आइसक्रीम इत्यादि खाने से जठराग्नि मंद पड़ जाती है और भोजन का पाचन सही से नहीं हो पाता। अतः ठंडी और गर्म वस्तुओं का सेवन एक साथ करना स्वास्थ्य के लिए दुष्कर हो सकता है। कार्यक्रम की समाप्ति पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा द्वारा सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया और धन्यवाद किया गया। डॉ सन्तोष तृप्ता ने मंच संचालन की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। डॉ राजपाल कौशिक द्वारा शांति पाठ के उपरांत कार्यक्रम समाप्ति पर महाविद्यालय प्रांगण में ही जलपान और आज के विषय पर वक्ताओं से विचार विमर्श हुआ।

# शिक्षक संघ थानेसर के सदस्यों ने इंदु को पदोन्नत होने पर दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : खंड शिक्षा** अधिकारी थानेसर इंदू कौशिक को पद्दोनन्त होकर जिला उप शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र बनने पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ थानेसर के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी और संगठन की ओर से शिष्टाचारक भेंट की। जानकारी देते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ थानेसर के प्रधान नरेश फूले व संरक्षक नरेश नैयर ने बताया कि मैडम इंदू कौशिक ने खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर रहते हुए अध्यापकों के हित के लिए बहुत कार्य किए। उनके कार्यकाल के दौरान अध्यापकों व विद्यालय में कोई परेशानी नहीं हुई। संघ के सदस्यों ने बताया कि उनका अध्यापकों के साथ अच्छा तालमेल रहा। भविष्य में भी वह इसी प्रकार अध्यापकों के हित के लिए कार्य करेंगी। इस अवसर पर नवनियुक्त उप जिला शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने कहा कि उनका प्रयास हमेशा सरकारी स्कूलों में अध्यापकों व बच्चों के हित के लिए कार्य करना रहा है और वह आगे भी अध्यापकों के हित के लिए कार्य करती रहेंगी।

## न्यूज फ्लैश

### तेज रफ्तार बाइक ने मां-बेटी को चपेट में लिया, गंभीर हालत के चलते पीजीआई रेफर

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार ने मां-बेटी को चपेट में लिया। हादसे में दोनों घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार नहीं मिला तो परिजन वापस सोनीपत लौट आए। निजी अस्पताल में आयुष्मान के तहत उपचार नहीं मिला। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गली नंबर-2 निवासी प्रीति ने बताया कि गत 18 अप्रैल को देर शाम करीब पांच बजे अपनी छह वर्षीय बेटी के साथ नाई की दुकान पर बाल कटवाने के लिए जा रही थी। उसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने उपचार के बाद दोनों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि पीजीआई में उन्हें बेहतर उपचार नहीं मिला। परिजन उन्हें लेकर सोनीपत वापस आ गए। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां आयुष्मान योजना के तहत इलाज करने से मना कर दिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी जय भगवान ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हादसे के बाद से वाहन चालक फरार है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### पहलगाम हमला कश्मीर की संस्कृति और कश्मीर की मेहमानवाजी पर हमला-मीडिया स्टूडेंट एसोसिएशन

**सोनीपत: पहलगाम** हमला कश्मीर की संस्कृति और कश्मीर की मेहमानवाजी पर हमला पहलगाम की घटना केवल पर्यटकों पर हमला नही है अपितु यह कश्मीर की संस्कृति और कश्मीर की मेहमानवाजी पर हमला हैं। जिसका बदला जल्द ही लिया जाना चाहिए। उपरोक्त विचार मीडिया स्टूडेंट एसोसिएशन के प्रधान नरेन्द्र सिंह व साउथ कश्मीर के संयोजक बुराहन भटट् वा महासचिव जियान फियाज ने संयुक्त बयान में प्रकट किए। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना ने कश्मीरियों की मेहमानवाजी पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। मेहमानवाजी कश्मीरियों की पहचान मानी जाती है और उन्ही कश्मीरियों के मेहमानों पर कायराना आतंकवादी हमला सम्पूर्ण कश्मीरियों की मेहमान नवाजी पर प्रश्नचिन्ह लगा देता है। और इससे गलत संदेश पर्यटकों के बीच में जाएगा कि वे कश्मीर में सुरक्षित नहीं है। पहलगाम की घटना न केवल पर्यटकों पर हमला है। पहलगाम में होटल चलाने वाले व अन्य छोटे मोटे काम करने वालों की आजीविका पर हमला है। इस कायरतापूर्ण घटना का हर कश्मीरी को खुलकर विरोध करना चाहिए। क्योंकि इससे पर्यटकों के बीच में डर का माहौल पैदा हो गया है जो सीधे तौर पर पर्यटन उद्योग को प्रभावित करेगा। जिस प्रकार इस घटना में धर्म पूछकर निहत्थे पर्यटकों पर हमला किया गया है यह कार्य राक्षस प्रवृत्ति का कार्य है जिसका सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। मीडिया स्टूडेंट एसोसिएशन की साउथ कश्मीर और हरियाणा इकाई इस घटना की भर्त्सना करती है। और मरने वाले पर्यटकों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करती है। साथ ही साथ घायल पर्यटकों की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।

# विज ने छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्यायें सुनी

## विज ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी की शिकायतों पर लिया कड़ा संज्ञान

**दिशा-निर्देश**

समस्याओं को सुना और उनके निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**





**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।
विदेश भेजने के नाम पर ठगी के अलग-अलग मामलों में कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने पुलिस को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अशोक नगर निवासी व्यक्ति ने शिकायत देते हुए मंत्री अनिल विज को बताया कि उस मतिदास नगर निवासी एक एजेंट ने उसे झांसा दिया कि वह उसके बेटे को विदेश में भेज देगा। बेटे को स्लोवाकिया भेजने के लिए उसने ढाई लाख रुपए दिए थे। मगर कुछ समय बाद एजेंट ने यह राशि उसे वापस लौटाते हुए कहा कि स्लोवाकिया का वीजा नहीं लग रहा वह दूसरे देश में उसके बेटे को भेज देंगे और उसे ढाई लाख रुपए वापस कर दिए। इसके बाद एजेंट ने उसके बेटे को कैनेडा भेजने के नाम पर 15 लाख रुपए लिए मगर आज तक उसके बेटे को कैनेडा भेजा नहीं किया न ही राशि वापस लौटाई गई। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने मौके पर मौजूद डीएसपी कैंट को मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।
इसी प्रकार कैंट थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि एजेंट ने उस विदेश जाने के लिए उसके साथ 25 लाख रुपए की ठगी की। इस मामले में वह कार्रवाई बार एजेंट से मिला मगर उसकी राशि वापस नहीं की गई। इस मामले में मंत्री अनिल विज ने डीएसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए।
ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष बिजली के संबंधित कई समस्याएं आई जिनपर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कार्रवाई को कहा। राजिंद्र नगर निवासियों ने क्षेत्र में तारों को कसने व बिजली पोल लगाने की शिकायत दी। इसी प्रकार बाबा बालक नाथ मंदिर के निकट रहने वाली महिला ने बिजली विभाग पर उसका मीटर जबरन उतारने की शिकायत दी। अमन नगर निवासी व्यक्ति ने उसके मीटर रीडिंग में गड़बड़ी होने व मीटर जांच की मांग करी।

# कुरुक्षेत्र में आठवले के आगमन को लेकर तैयारियां पूरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय आडिटोरियम हाल में 25 अप्रैल को डा. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता मंत्री रामदास आठवले मुख्य अतिथि होंगे। कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर दिल्ली में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष रवि सोनू कुंडली ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता मंत्री रामदास आठवले से मुलकात कर उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित होने डा. भीमराव

**जानकारी दी**

अंबेडकर जयंती समारोह के आयोजन एवं तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी

अंबेडकर जयंती समारोह के आयोजन एवं तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जानकारी देते हुए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार वालिया ने बताया कि समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है तथा बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे।

# ज्यादा मुनाफा देकर ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**काबू किया**

गिरीश ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था

**सोनीपत: साइबर** थाना सोनीपत पुलिस ने टास्क पूरा कर ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर रुपये ठगी करने के आरोपित को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपित शिवेंद्र निवासी इंदौरा मध्यप्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। कृष्णा कॉलोनी निवासी अजय ने गत 21 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह एक निजी कंपनी में जॉब करता है। उसके पास 11 जनवरी को एक टेलीग्राम संदेश आया। उसके बाद एक लड़की उससे बातचीत करने लगी। उसने एक कंपनी के बारे में बताया। जो मुनाफा देने का कार्य करती है। उसके बाद लड़की ने उसके पास एक लिंक भेजा। उसके बाद एक-एक टॉस्क पूरा किया। उसके खाते से अलग-अलग खातों में लाखों रुपये की राशि को ठग लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। सहायक उप निरीक्षक गिरीश ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था।

# विद्यालयों के सर्वांगीण विकास में नही रहने दी जाएगी कोई कमी : कंवलजीत

**सम्मान**

जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र/पेहवा :** आज पिहोवा के सैकड़ो अध्यापको द्वारा सरकारी विद्यालयो मे करवाए गए विकास कार्यो के उपलक्ष्य मे जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद कुरुक्षेत्र चेयरपर्सन श्रीमती कंवलजीत कौर रही। विशिष्ट अतिथि के रूप मे खंड शिक्षा अधिकारी रामराज कौशिक व जिला परिषद के अकाउंट आफिसर सत्यभूषण रहे। कार्यक्रम मे पहुँचने पर मेहमानों का स्वागत मुख्य शिक्षक पवन मित्तल, संदीप कुमार, राजेश कुमार, जसबीर सैनी, दिनेश भाटिया द्वारा फुल माताओं द्वारा किया गया। मंच का संचालन अध्यापक अशोक कुमार द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। जिला परिषद चेयरपर्सन श्रीमती कवंलजीत कौर ने सरकारी विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चों की बहुत प्रशंसा की और कहा की सरकारी विद्यालय के बच्चे किसी भी टापॅ प्राइवेट विद्यालय से कम नही है बच्चों मे टैलेंट की कोई कमी नही है। उन्होने कहा की सरकारी विद्यालयों के सवार्गीण विकास के लिए धन की कोई कमी नही है। पिहोवा हल्का मेरा अपना घर है यंहा के सभी अध्यापक मेरे परिवार का हिस्सा है। उन्होने कहा की पिहोवा हल्के के ज्यादातर प्राथमिक विद्यालय में कम्प्यूटर,प्रिंटर, साउड सिस्टम दिए जा चुके हैं और सिविल वर्क कार्य भी चले हुए है । उन्होने कहा की विद्यालय मांग के अनुसार बच्चों के हित में जो भी डिमांड की गई है उन सभी को पूरा करने की घोषणा की।इसके पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी महोदय रामराज कौशिक ने चेयरपर्सन कंवलजीत कौर के किए गए कार्य की सराहना की ओर उनका धन्यवाद किया। उसके पश्चात पिहोवा हल्के के सैकड़ों अध्यापकों द्वारा चेयरपर्सन कंवलजीत कौर को स्मृति चिन्ह व शाल देकर सम्मानित भी किया।

# चीनी मिल एमडी ने कारखाने का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**निर्देश**

अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द आगामी पेराई सत्र की तैयारियों को लेकर काम शुरू किया जाए

**सोनीपत: दी** सहकारिता चीनी मिल सोनीपत के एमडी ने बुधवार को कारखाने, स्टोर व विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारखाने में रिपेयरिंग के कार्य को शुरू होने से पहले समीक्षा की। साथ ही स्टोर में रखे सामान का ब्यौरा व बिलों की जांच की। अधिकारी का दौरा आगामी पेराई सत्र को बेहतर चलाने व समय पर शुरू करने को लेकर जांच की। चीनी मिल अमित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द आगामी पेराई सत्र की तैयारियों को लेकर काम शुरू किया जाए, ताकि समय पर टेंडर प्रक्रिया हो सके और रिपेयरिंग का काम समय रहते शुरू हो सके। बता दें कि चीनी मिल में गत 10 अप्रैल को वर्ष 2025-26 को पेराई सत्र का समापन हो गया था। जिसके बाद से मिल प्रबंधन व कारखाने की देखरेख कर रहे इंजीनियर की तरफ से आगामी पेराई सत्र नवंबर माह में आरम्भ होगा। लेकिन उससे पहले कारखाने में मशीनरी को रिपेयरिंग होगी। गत वर्ष रिपेयरिंग का काम शुरू होने में काफी देर हो गई थी। हालांकि आगामी सत्र को समय पर पूरा करने व उसकी शुरूआत के लिए अधिकारियों ने भाग दौड़ शुरू कर दी है। बुधवार को चीनी मिल के एमडी अमित कुमार ने कारखाने, केन विभाग, लेखा विभाग, खजांची, कंप्यूटर रूम सहित अन्य स्थानों का औचक निरीक्षण किया। प्रबंधन की तरफ से आगामी सत्र के लिए कमर कस ली है। इस दौरान अलग-अलग विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**समाप्त हुए पेराई सत्र में 26 लाख 682 क्विंटल गन्ने की हुई थी पेराई:** चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। सोनीपत चीनी मिल के अंतर्गत करीब 13 हजार एकड़ भूमि में किसानों ने गन्ना उगाया हुआ था। मिल प्रशासन द्वारा किसानों के साथ करीब 32 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग हाल ही में सम्पन्न हुए पेराई सत्र के लिए की थी। इसमें से सोनीपत चीनी मिल में 26 लाख 682 क्विंटल गन्ने की पेराई थी।

# औद्योगिक क्षेत्र में वर्कशाप और हुल्लाहेड़ी में स्थित जलघर से सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चोरी का मामला**

जलघर से एक मोटर, मोटर स्टार्टर, कूलर, सबमर्सिबल की खराब मोटर गायब मिली

**सोनीपत: जिले में** चोरी की वारदातें कम होने का नाम नहीं ले रही है। चोरों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में स्थित वर्कशॉप व सरकारी जलघर से सामान चोरी कर लिया। मामले को लेकर संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना सोनीपत व शहर थाना पुलिस ने चोरी के मुकदमे दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। विशाल नगर निवासी बलबीर सिंह ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में परफेक्ट मशीनरी साल्यूशंस नाम से वर्कशाप है। वह रात को वर्कशाप बंद कर घर आ गए थे। उसके बाद सुबह जब वर्कशाप पर गए तो ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। वर्कशाप में रखा लैपटाप, दो मोटर, कटर मशीन और स्टील का सजावटी सामान गायब था। रात के समय किसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत पर थाना शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जाएगी। जल्द ही चोरों का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं गांव हुल्लाहेड़ी के जलघर में बतौर पंप ऑपरेटर कार्यरत सतबीर ने पुलिस को बताया कि वह रात को ड्यूटी खत्म कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वापस ड्यूटी पर आए तो जलघर से एक मोटर, मोटर स्टार्टर, कूलर, सबमर्सिबल की खराब मोटर गायब मिली। चाबी वह कई अन्य सामान भी चोर चोरी कर ले गए।

# कड़ा छीनने के आरोप का मामला सामने आया

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बुजुर्ग को बातों में उलझाकर सोने का कड़ा छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोपितों ने उसे वृद्धाश्रम के लिए चंदा लेने के बहाने से रोका था। बातचीत के दौरान एक युवक उसका कड़ा छीन कर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नरेंद्र नगर निवासी सूरजभान ने बताया कि वह बुधवार की सुबह वह सैर के लिए के लिए निकले थे। जब आईटीआई के पास पहुंचे तो एक युवक ने उनको कहा कि कोई बाइक सवार युवक उनको आवाज दे रहा है।

# केयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 28-29 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के श्रीमद्भगवद्गीता सदन (ऑडिटोरियम) में 28 व 29 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा में विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्घाटन हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्यातिथि करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने संबंधित अधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए लेकर गुरुवार को कमेटी रूम में तैयारियों की समीक्षा भी गई जिसकी अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने की। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि सम्मेलन में शिक्षा सचिव, हरियाणा सरकार, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, एनसीटीई के सदस्य सचिव, एनआरसी के अध्यक्ष प्रो.

**समीक्षा**

कमेटी रूम में तैयारियों की समीक्षा भी गई जिसकी अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने की

एचसीएस राठौड़, एसआरसी के अध्यक्ष डॉ. मीना आर चंदावरकर, ईआरसी के अध्यक्ष डॉ. दिब्याज्योति महंत, डब्ल्यूआरसी के अध्यक्ष प्रो. शैलेश एन जाला एवं उत्तर क्षेत्र से आए सभी कुलपति एवं शिक्षा जगत के बुद्धिजीवी विकसित भारत 2047 की दिशा में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन को लेकर मंथन करेंगे।

# एकाग्रता की शक्ति से ही बनती है महानता : डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद मारकंडा, :** ब्रह्माकुमारीज के तत्वाधान में चल रहे 7 दिवसीय 'मानव मूल्य शिक्षा शिविर' के पांचवें दिन अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमार डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने 'द साइंस ऑफ कंसनट्रेशन' विषय पर एक प्रेरणादायक क्लास दी। युवाओं और अभिभावकों से भरे सभागार में उन्होंने एकाग्रता की महत्ता को न केवल सैद्धांतिक रूप से समझाया, बल्कि खेल-खेल में प्रैक्टिकल डेमो के माध्यम से उसे जीवन में उतारने की कला भी सिखाई। उन्होंने एकाग्रता क्या है को सरल भाषा में समझाया। डॉ. स्वामीनाथन ने कहा कि एकाग्रता इतनी सरल होनी चाहिए कि उसे पांचवीं कक्षा का बच्चा भी समझ सके। जब मन और बुद्धि एक काम पर टिक जाएं, वही सच्ची एकाग्रता है। हमारी आम समस्या पर जोर दार टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि जो याद रखना चाहिए, वह याद नहीं रहता और जो भूलना चाहिए, वही याद रहता है, इसका कारण ध्यान की कमी है। उन्होंने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के विचार सांझा करते हुए कहा कि बच्चों के अच्छे संस्कारों के लिए तीन लोग जरूरी हैं, मां, पिता और प्राथमिक शिक्षक। डॉ. स्वामीनाथन ने अर्जुन और भीम का उदाहरण देते हुए बताया कि अभ्यास के बिना लक्ष्य भेद असंभव है। अर्जुन की एकाग्रता आज के बच्चों के लिए आदर्श है। उन्होंने बताया कि आत्मा की तीन शक्तियां मन, बुद्धि और संस्कार है, यदि संतुलन में हों, तो व्यक्ति की सोच और निर्णय दोनों सकारात्मक हो सकते हैं।टीचर्स और पेरेंट्स को सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता को एक अच्छा कथा-वाचक बनना चाहिए, जो बच्चों को कहानी के जरिए जीवन के मूल्य समझाए।

**प्रेरणादायक**

मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमार डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने 'द साइंस ऑफ कंसनट्रेशन' विषय पर एक प्रेरणादायक क्लास दी।

राजयोग के अभ्यास की महत्ता पर उन्होंने कहा कि राजयोग के निरंतर अभ्यास से हम अपने विचारों, बोलचाल और कर्मों पर नियंत्रण पा सकते हैं। इस सेशन में खेल-खेल में जो एकाग्रता सिखाई गई, वह शायद पहले कभी नहीं सीखी। सैशन के बाद अभिभावकों ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं नियमित रूप से होनी चाहिए, ताकि बच्चों में मनोबल, नैतिकता और एकाग्रता का विकास हो सके। आज की डिजिटल और व्यस्त दुनिया में एकाग्रता सबसे बड़ी पूंजी है। डॉ. स्वामीनाथन द्वारा दिए गए सुझाव न केवल छात्रों बल्कि शिक्षकों और माता-पिता के लिए भी अमूल्य हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक बदलाव की शुरूआत होती है।

# पंचर की दुकान चलाने वाले युवक व उसके दोस्त को पीट-पीटकर किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुकदमा दर्ज**

बाद उन्होंने अस्पताल पहुंच कर इलाज करवाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

**सोनीपत: कुंडली** के निफ्टम चौक के पास से गुजर रहे एक युवक और उसके दोस्त को लाठी-डंडों से पीटकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने किसी तरह मौके से भाग कर पार्क में छिपकर हमलवारों से खुद को बचाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। लॉडा कॉलोनी निवासी अंकित ने बताया कि वह निफ्टम चौक पर पंचर की दुकान चलाता है। वह अपने दोस्त रोहित के साथ दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव नांगल कलां का रहने वाला ध्रुव, सागर, अशोक, रोहित और बढ़खालसा का दीपांशु, विनय और आर्यन सात-आठ अन्य युवकों के साथ वहां पहुंचे। सभी के पास लाठी-डंडे थे। वहां आकर वो गाली-गलौज करने लगे। विरोध हाथों में डंडे लेकर उनकी दुकान पर आए और आते ही गाली-गलौज करने लगे। आरोपितों ने पूछा कि कल दुकान पर कौन बैठा था। जिसने उनके दोस्त का काम करने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपितों ने उन पर लाठी-डंडों से वार करने शुरू कर दिए। उनके फोन भी तोड़ दिए। हाथापाई में उसकी सोने की चेन भी कही गिर गई। जो ढूंढने पर नहीं मिली। उन्होंने किसी तरफ से मौके से भाग कर पार्क में छिप कर खुद बचाया। इसके बाद आरोपित उनको जान से मारने की धमकी देकर चले गए। जिसके बाद उन्होंने अस्पताल पहुंच कर इलाज करवाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# डीडब्ल्यूपीएस नोएडा के एमयूएन सम्मेलन में छात्रों ने भरी ऊँची उड़ान

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल** नोएडा में आयोजित प्रतिष्ठित मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) सम्मेलन में संस्थान के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस भव्य आयोजन में ऑफलाइन माध्यम से 630 और ऑनलाइन माध्यम से 120 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 38 विभिन्न स्कूलों ने ऑफलाइन माध्यम से और 24 विभिन्न स्कूलों




का ऑनलाइन माध्यम से प्रतिनिधित्व भी शामिल रहा। इस प्रतिष्ठित मंच पर डीडब्ल्यूपीएस समालखा की कक्षा बारहवीं की छात्रा अविका शर्मा और कक्षा नौवीं की छात्रा गुरबानी मक्कड़ ने अपनी उत्कृष्ट संवाद क्षमता, गहन शोध और प्रभावी प्रतिनिधित्व के बल पर महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्तकर संस्थान का गौरव बढ़ाया।

इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एचएम जीवन ज्योति ने कहा कि हमें अपने छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है। उन्होंने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है बल्कि कड़ी मेहनत और समर्पण का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रिंसिपल डॉ. अजीत भारद्वाज ने छात्रों की इस सफलता को भविष्य के लिए एक उज्ज्वल संकेत बताते हुए कहा कि हमारे छात्रों की इस सफलता ने हमारी उम्मीदों को और भी अधिक पंख दिए हैं। यह एमयूएन सम्मेलन हमारे छात्रों में नेतृत्त्व क्षमता, और संवाद कौशल जैसे महत्त्वपूर्ण गुणों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्कूल की प्रबंधन समिति ने छात्रों की सफलता पर उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सच ही है कि 'पंखों को नहीं, हौसलों को उड़ान होती है' और हमारे इन होनहार छात्रों ने इसे सच कर दिखाया है। डीडब्ल्यूपीएस परिवार अपने इन प्रतिभाशाली छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करता है और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्टता के शिखर पर पहुँचने के लिए शुभकामनाएँ देता हैं। यह सफलता निश्चित रूप से अन्य छात्रों के लिए भी एक आदर्श स्थापित करेंगी और आपके अपने स्कूल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का एकमात्र लक्ष्य है कि छात्रों का पहचानने और उन्हें साकार करने की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा तत्पर है।

# 370 बच्चों को कॉपी और अन्य लेखन समग्री के सेट वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**वीरवार को** सैनी सेवा ट्रस्ट देहरा की ओर से राक्सेड़ा व देहरा गांव के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले झुकी-झोपड़ियों में रहने वाले 370 बच्चों को कॉपी और अन्य लेखन समग्री के सेट वितरित किए गए । इन मौकों पर शिक्षकों, बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक कर्ण सिंह सैनी ने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और जरूरी पहलू है। जिससे हमें ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास मिलता है। उन्होनें शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सच में शिक्षा खुशहाल और सफल जीवन का आधार हैं और शिक्षा के दम पर ही हम हर चुनौती को मात दे सकते हैं। कर्ण




सिंह सैनी ने ट्रस्ट की उपलब्धियो का बारिकी से हवाला देते हुए बच्चों से नशे से दूर रहने की भी अपील की। इसी दौरान प्रमुख समाज सेवी राकेश ठेकेदार कुमासपुर ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों के पन्नों तक सीमित नहीं होनी चाहिए क्योंकि ये हमें सोचने, समझने और आगे बढ़ने की कला सिखाती हैं और हमें सही व गलत की पहचान भी कराती है और इसके साथ ही हमें आत्मनिर्भर बनने का मार्ग भी दिखाती है। ठेकेदार ने कहा कि आज हमें शिक्षा को भोजन, पानी और हवा की तरह ही जीवन आधार बनाए जाने की जरूरत हैं। इसी बीच ट्रस्ट की अध्यक्षा माया देवी, मोहन लाल सैनी, अनिल कुमार, सतीश सैनी, संजय सैनी, सोहन लाल, सत्ता, राजेश कुमार, महिपाल पट्टीकल्याणा, रामफल सैनी, राजकुमार रोहतक, सुखबीर उग्राखेडी, रोहतास, सुनीता आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### गांव जेरपुर में पोषण पखवाड़ा का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। महिला एवं** बाल विकास विभाग द्वारा गांव जेरपुर में पोषण पखवाड़ा के समापन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती माता की गोद भराई, गीत रेसिपी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर चंचल के द्वारा सभी को सही पोषण देश रोशन की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि गर्भवस्था के दौरान संतुलित आहार ले। महिला को अपना नियमित हीमोग्लोबीन टेस्ट व हेल्थ चेक अप करवाएं व शुरूवाती 100 दिन तक मां व बच्चे को किसी प्रकार का आहार दे। छह महीने होने के बाद बच्चे को ऊपरी ठोस आहार खिलाएं। उन्होंने कहा कि बच्चे के अन्नप्राशन के लिए आंगनबाड़ी में आकर अन्नप्राशन दिवस मनाए। इस अवसर पर सभी आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर मौजूद थी।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर युवाओं ने लिया संरक्षण का संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी यूनिट द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता व व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजनों के माध्यम से एनसीसी के कैडेट्स को पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक करने और पृथ्वी सरंक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डिप्टी एएनओ नरेश कुमार के प्रेरणादायक व्याख्यान से हुई। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, पृथ्वी संरक्षण के समक्ष उपलब्ध चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, जैव विविधता में कमी, और प्रदूषण आदि के विषय में जागरूक किया।

### शिव महापुराण कथा का समापन हो गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। शहर के बाबा** बास में स्थित रामदेई मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा का मंगलवार को यज्ञ के साथ समापन हो गया है। क्राइस्टधाम से कथावाचक जानकी श्वराचार्य महाराज ने शिव महापुराण की कथा का वाचन किया। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण की कथा 15 अप्रैल से प्रारंभ हुई थी, जिसका उदघाटन-यज्ञ के साथ समापन हुआ था। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण की कथा सुनने से मन को शांति मिलती है और कष्टों का निवारण होता है। इस अवसर पर संदीप सोलूवाला, महेंद्र गोयल, अजय राजपूत, हितेश गर्ग, पूना, एंटोनी, मीना गर्ग, ज्योति गर्ग, निर्मल, कृपा, हंसा, सागर आदि शामिल रहते हैं।

### एम. एड. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** **चौधरी** रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद हरियाणा द्वारा एम. एड. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जीटी रोड मच्छरौली स्थित एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की। बेहतर परीक्षा परिणाम, जिसमें प्रियंका धीमान ने 575 में से 462 (80.35%) अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और आस्था मलिक ने 575 में से 460 (80%) अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा अंकित तायल ने 575 में से 458 (79.65) प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लोकेश कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनके बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी और भविष्य में भी बेहतर परीक्षा परिणाम लाने की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता ने भी विद्यार्थियों को अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा की एक अच्छे समाज का निर्माण अच्छी शिक्षा से ही हो सकता है। हमें मेहनत और लगन से परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल था। विद्यार्थियों को मिठाईयां खिलाकर उनको बधाई दी गई।

# अधिकारियों को समझ से कार्य करने की आवश्यकता: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब** सिंह द्वारा प्रदेश भर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर सार्थक साबित हो रहे है। जिले में इन शिविरों का जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है। वीरवार को जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जनता समाधान शिविर आम नागरिक की आशाओं व अपेक्षाओं पर खरा उतर रहा है। विभागों के अधिकारी परिपक्कता से कार्य करके लोगों की समस्याओं का



निदान कर रहे हैं। आपसी समन्वय से लोगों के कार्य में स्थिरता दिखाई पड? लग रही है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर और गहराई व समझ से सम्मानपूर्वक कार्य करके निदान करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान को लेकर अपनी दमदार भूमिका निभा कर कसौटी पर खरा उतरने की आवश्यकता है। उनकी मेहनत व कर्तव्यनिष्ठद्दा से ही बदलाव की झलक दिखाई पड़ेगी। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह लगातार समाधान शिविर पर निगरानी बरत रहे हैं। वे स्वयं वर्चऊल रूप से जुडकर भी समाधान शिविर का अपडेट ले चुके हैं। हर शुक्रवार को समाधान शिविर में पहुंचने वाल समस्याओं की समीक्षा की जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्य के प्रति और गम्भीरता से अपनी डयूटी निभाएं। क्योंकि जिस विभाग की ज्यादा समस्याएं हैं उनकी जवाबदेही ज्यादा होगी। समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए एसडीएम ब्रह्मद्दप्रकाश ने कहा कि अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान को लेकर इस तरह से कार्य करना चाहिए कि उनकी अच्छे अधिकारी की छाप लम्बे समय तक दिखाई पड़े। इसके लिए उन्हें और प्रयास करने होगे। उन्होंने कहा कि यह समाधान शिविर जनसमस्याओं के निदान को लेकर आयोजित किया जा रहा है।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट ने स्वास्थ्य सेवाएं दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद : सांसद** नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से मोबाइल मेडिकल युनिट चलवाई जा रही हैं। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन जिन्दल की पहल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर आयोजित हो रहे हैं। नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल युनिटों की शुरूआत की है। इस कड़ी में



आज मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा शाहाबाद के गांव गोगपुर और गोगपुर कॉलोनी में 89 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई व 4 लोगों के रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए। उन्होंने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से इस प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में निरंतर चलती रहेंगी

# 'ब्राह्मण समाज ज्ञान, ब्रहम ज्ञान और विज्ञान के लिए जाना जाता है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**राज्यसभा सांसद कर्तिकेय शर्मा** ने वीरवार को गोहाना रोड़ संजय कॉलोनी स्थित परशुराम धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में आमजन को सम्बोधित करते हुए आगामी 27 अप्रैल को पंचकूला में होने वाले राज्य स्तरीय परशुराम जयंती कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर उपस्थित सभी ब्राहम्ण समाज के लोगों को न्यौता दिया। उन्होंने कार्यक्रम में पहलगाम में हुई अमानवीय घटना को लेकर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है अगर कोई अमानवीय घटना होती है तो हम ऑखों में ऑखे डालकर बात करेंगे, और वो समय अब आ गया है। इसी को लेकर दो मिनट का मौन धारण भी किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज ज्ञान, ब्रहम ज्ञान और विज्ञान के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पानीपत की इस पवित्र धरती पर आने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमें परशुराम जी की शिक्षाओं का अनुसरण करना होगा। उनके द्वारा दी गई शिक्षा को बढ़ावा देने का काम करना होगा और जो पंचकूला में राज्य स्तरीय परशुराम जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उसका मुख्य उद्द्देश्य है कि हम सब मिलकर कार्य करें।

# विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**पानीपत ( कमाल हुसैन )**
**आई. बी. म्यूजियम म्यूजियम** में आज स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया । यह महोत्सव कॉलेज छात्रवृत्ति में उत्साहपूर्ण वातावरण में भर्ती हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई , जिसमें लगातार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हुईं। छात्रों ने गीत , नृत्य एवं नाट्य की शानदार प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण , कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और समापन वर्ष के विद्यार्थियों को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह में जूनियर छात्रों ने सीनियर्स के प्रति अपने भावों को



व्यक्त करते हुए उनके योगदान को याद किया। इस महोत्सव में प्रबंधन समिति के प्रमुख श्री एल. एन. मिगलानी जी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभ आशीर्वाद दिया`
**इस अवसर पर कॉलेज की कार्यशाला डॉ. शशिप्रभा स्वामी ने विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा** –प्रिय छात्र , यह केवल एक अनौपचारिक विदाई नहीं है , बल्कि आपके नए जीवन की शुरूआत है। आई. बी. छात्रावास पर आपको गर्व है। सदाबहार सच्चाई , कर्तव्यनिष्ठा और लक्षण के साथ आगे जीवन बढ़ाएं। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं , बल्कि एक जिम्मेदार और नैतिक नागरिक बनना भी है। मेरी इच्छा है कि आप सभी अपने जीवन में नई ऊँचाइयों को छुएँ और समाज में प्रेरणा का स्त्रोत बनाएँ।
इस समारोह में मिस फेयरवेल आरती, मिस्टर फेयरवेल गौतम, मिस साइंटिजेंट सुनिधि, मि. इस अवसर पर डॉ. किरण मदान, डॉ. नील, डॉ. सीमा, डॉ. हांडांडा, डॉ. पूनम मदान, डॉ. अर्पणा गर्ग, कनक शर्मा, डॉ. निधि, डॉ. जोगेश, डॉ. बाय कुमार,डॉ. स्वाति पुनिया, पंत, डॉ. पूजा स्वामी, डॉ. रेखा रानी, डॉ. नोज पुनिया, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. अंजलि, डॉ. पूनम गुप्ता, श्रीमती संगीता आदि उपस्थित रहे` समारोह का समापन सामूहिक भोज एवं स्मृति चिह्न वितरण के साथ हुआ।

# मानव एकता दिवस-निष्काम सेवा का अनुपम संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) प्रेम और भाईचारे की भावना को** उजागर करता ह्यमानव एकता दिवसह्ल, निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। यह दिन केवल पुण्य स्मरण का अवसर नहीं, अपितु मानवता, सौहार्द और एकत्व की भावनाओं का एक आत्मिक संगम है। मानव एकता दिवस के अवसर पर मिशन द्वारा देशभर में रक्तदान की प्रेरक श्रृंखला आरंभ होती है, जो निःस्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरूप



बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है। इसके साथ ही सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेम, शांति और समरसता का प्रकाश भी जन-जन तक पहुँचाया जाता है। यह दिन इस बात का परिचायक है कि सेवा केवल एक कार्य नहीं, अपितु निष्काम समर्पण का आत्मिक भाव है। इस वर्ष भी, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूरे भारतवर्ष की लगभग 500 से अधिक ब्रांचों पर भव्य रक्तदान शिविरों की अविरल श्रृंखला आयोजित की गई। दिल्ली स्थित ग्राउंड नंबर 8, निरंकारी चौक बुराड़ी में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर विशेष रूप से केंद्र बिंदु रहा, जहाँ श्रद्धालु अधिक संख्या में सम्मिलित हुए। सभी ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ स्वेच्छा भाव से रक्तदान कर मानव कल्याण में अपना सहयोग दिया। युगद्दष्टा बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य बोध के माध्यम से समाज को अंधविश्वासों और कुरीतियों से मुक्त कर, नशा मुक्ति, सादा विवाह और युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ जोड़ने जैसे लोक-कल्याणकारी अभियानों की प्रेरक शुरूआत की। उनके पावन मार्गदर्शन को आगे बढ़ाते हुए बाबा हरदेव सिंह जी ने ह्लरक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहींह्व का अमर संदेश देकर रक्तदान को मिशन की आध्यात्मिक सेवा का अभिन्न अंग बना दिया। यह संदेश आज भी प्रत्येक निरंकारी भक्त के हृदय में सेवा और समर्पण की प्रेरक लौ बनकर जीवंत है। संत निरंकारी हेल्थ सिटी की मेडिकल डाइरेक्टर गीतिका दुग्गल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सम्पूर्ण भारतवर्ष में आयोजित रक्तदान श्रृंखला में लगभग 30,000 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

# महिला विकास निगम दे रहा है शिक्षा पर ऋण सुविधा का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा महिला विकास** निगम के द्वारा लड़कियों/महिलाओं को देश विदेश में उच्च शिक्षा के लिए बैंको के माध्यम से शिक्षा ऋण प्राप्त करने पर ब्याज दर में 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाता है। डीसी डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार लड़कियों/महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर ब्याज दर में 5 प्रतिशत ब्याज दर से सब्सिडी देने के लिए वचनबद्ध है ताकि महंगे ब्याज दर के कारण कोई भी छात्रा उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहे। उन्होंने बताया की भारत सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से लड़कियों/महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े, इसलिए यह योजना चलाई जा रही है। लड़कियों/महिलाओं को तकनीकी, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर, पी.एच.डी व अन्य उच्च शिक्षा कोर्स में दाखिला लेने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के द्वारा बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है, जिसकी 5 प्रतिशत ब्याज राशि की क्षतिपूर्ति महिला विकास निगम के द्वारा की जाती है।

# श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम को लेकर दिया निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**27 अप्रैल को पंचकूला में** आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा पानीपत की परशुराम धर्मशाला में पहुंचे। जहां पर ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम सहित समाज के लोगो द्वारा उनका फूल मालाएं डालकर व बुक्के देकर सवागत किया गया। राज्यसभा सांसद कर्तिकेय शर्मा ने वीरवार को गोहाना रोड़ संजय कॉलोनी स्थित परशुराम धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में आमजन को सम्बोधित करते हुए आगामी 27 अप्रैल को पंचकूला में होने वाले



राज्य स्तरीय परशुराम जयंती कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर उपस्थित सभी 36 बिरादरी के लोगों को न्यौता दिया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम सहित मौके पर मौजूद 36 बिरादरी के लोगो ने सांसद कार्तिकेय शर्मा को आश्वासन दिया कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम में पानीपत से हजारों लोग शामिल होंगे। उन्होंने कार्यक्रम में पहलगाम में हुई अमानवीय घटना को लेकर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**घटना**

**▶▶ भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम में पानीपत से हजारों लोग शामिल होंगे**

ने कहा है अगर कोई अमानवीय घटना होती है तो हम ऑखों में ऑखे डालकर बात करेंगे, और वो समय अब आ गया है। इसी को लेकर दो मिनट का मौन धारण भी किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज ज्ञान, ब्रहम ज्ञान और विज्ञान के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पानीपत की इस पवित्र धरती पर आने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमें परशुराम जी की शिक्षाओं का अनुसरण करना होगा। उनके द्वारा दी गई शिक्षा को बढ़ावा देने का काम करना होगा और जो पंचकूला में राज्य स्तरीय परशुराम जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उसका मुख्य उद्द्देश्य है कि हम सब मिलकर कार्य करें। उन्होंने बताया कि परशुराम जी का वर्णन हर युग में मिलता है और अंत में हमेशा बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। उन्होंने कहा कि भगवान के 24 अवतार हुए हैं। जिसमें से छटा अवतार स्वयं परशुराम जी का है। उन्होंने कहा कि परशुराम जयंती कार्यक्रम आप सभी के साथ-साथ प्रदेश सरकार का कार्यक्रम है।

# आरटीआई निःशुल्क शिक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**शिक्षा का अधिकार अधिनियम** 2009 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में 25% सीट एहर कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित होती है। शिक्षा का अधिकार (आरटीआई) सिर्फ एक कानून नहीं, अपितु हर बच्चे का सपना भी है। खासकर उन मासूम बच्चों का जो समाज के वंचित और कमजोर वर्ग से आते हैं आरटीई (निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम) उनके लिए उम्मीद की एक किरण बनकर आया था। फ्ळए, 2009 में पारित यह नियम केंद्रीय स्तर पर 2010 से लागू हुआ था। इस अधिनियम ने गरीब अभिभावकों को यह भरोसा दिया था कि उनका बच्चा भी अच्छे स्कूल में पढ़ सकेगा, बड़े सपने देख सकेगा। 2+5 मुद्दे जन शिक्षा आंदोलन के संयुक्त सचिव एवं मीडिया प्रभारी सोकेन्द्र बालियान ने पत्र लिखकर शिक्षा विभाग से अनुरोध किया कि आरटीई की आवेदन तिथि को बढ़ाया जाए, फ्ळए का सरकारी एडवरटाइजमेंट भी करवाकर लोगों को जागरूक किया जाए, पोर्टल पर सभी प्राइवेट स्कूलों का डाटा सीट उपलब्ध करवाई जाए ताकि फॉर्म भरने में और सही स्कूल चुनने में दिक्कत का सामना न करना पड़े और दाखिला प्रक्रिया को पहले से बेहतर बनाया जाए ताकि किसी भी अभिभावक एवं बच्चों को एडमिशन के समय पिछले सालों की तरह कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। बालियान ने अभिभावकों से अपील की कि पात्र अभिभावक बच्चे ही अच्छे से देख परखकर फ्ळए फॉर्म भरे और फॉर्म भरने के उपरांत सभी अभिभावकों को अपनी फाइनल सबमिट फार्म दस्तावेजों की कॉपी संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में भी जमा करवाएं।

# निगम पार्षद अजीत यादव ने किया नई सड़क का उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वार्ड-17 भलस्वा** के भलस्वा गांव में निगम पार्षद अजीत यादव के प्रयासों से के ब्लॉक 130, 210, 860 क्रॉस वाली गली की नई सड़क का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर वार्ड अध्यक्ष शेखर सोनकर, राजपाल यादव, नवीन यादव, गुरबचन सिंह, भीम सिंह व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने निगम पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया और इस कार्य के लिए पार्षद अजीत यादव का धन्यवाद भी किया।

## 'बस स्टॉप पर यात्रियों को ठंडा पानी देने के लिए ड्रेस कोड वाले 'जल दूतों' की होगी तैनाती'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रभावशाली नेतृत्व में दिल्ली सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवाओं को और अधिक सुलभ, सुविधाजनक और आधुनिक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। यात्रियों की सहज, सुरक्षित और समयबद्ध यात्रा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा लॉन्च, इस योजना के तहत दिल्ली सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट



सिस्टम में भी इसे लागू करेगी, ताकि भीषण गर्मी के प्रभाव से दिल्लीवासियों की सुरक्षा और सहजता को सुनिश्चित किया जा सके। इसी कड़ी में आज आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में, परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि इस योजना के माध्यम से यात्रियों को बढ़ती गर्मी से राहत देने के लिए कई प्रभावी और जनहितकारी कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि इस योजना की एक प्रमुख पहल बस क्यू शेल्टर्स पर जल दूतों की तैनाती है। ये प्रशिक्षित कर्मी यात्रियों को ठंडा और शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध कराएंगे, जिससे गर्मी के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। गर्मी के इस मौसम में यात्रियों को पीने का पानी प्रदान करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है, और जल दूत इस कार्य में अहम भूमिका निभाएंगे।

## शिक्षक संघ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में शहीद निर्दोष नागरिकों को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: गवर्नमेंट स्कूल** टीचर्स एसोसिएशन द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में हताहत हुए निर्दोष पर्यटकों व स्थानीय नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च का आयोजन जंतर मंतर, नई दिल्ली पर किया गया। संस्था के महासचिव अजय वीर यादव ने कहा कि पूरा शिक्षक समाज इस अमानवीय कृत्य से अत्यंत आहत और आक्रोशित है। यह हमला न केवल निर्दोषों पर किया गया, बल्कि यह भारत की अखंडता, शांति और प्रगति पर




सीधा प्रहार है। शिक्षक समाज की ओर से हम सभी बलिदानियों को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं और उनके परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह छिकारा ने उपस्थित शिक्षकों से दो मिनट का मौन रखवाया और दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की। अध्यापक शक्ति मंच के अध्यक्ष विरेन्द्र डबास ने अपने उद्बोधन में कहा, यह हमला भारत को अस्थिर करने की एक सोची-समझी साजिश है, ताकि कश्मीर में डर का माहौल पैदा कर पर्यटकों को रोका जा सके और स्थानीय लोगों को गुमराह कर पत्थरबाजी व आतंकवाद की ओर धकेला जा सके। लेकिन भारत ऐसे किसी भी मंसूबे को सफल नहीं होने देगा। पूर्व महासचिव व सेवानिवृत्त शिक्षक राजेन्द्र मोहन मोल्हा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, बेगुनाहों का खून बहाना बंद हो और दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिम्मत न कर सके। श्रद्धांजलि सभा में हजारों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में निकाला जन आक्रोश मार्च








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जन आक्रोश मार्च निकाला गया। कार्यक्रम का आयोजन आदर्श नगर ग्रीन रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने किया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने इस मार्च में भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन आदर्श नगर के मदर डेयरी के पास किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि राकेश जुनेजा ने बताया कि हम सभी इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं और दिवंगत आत्माओं को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है। उन्होंने आगे बताया कि आदर्श नगर ग्रीन रेजिडेंट एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित शांति प्रदर्शन और मोमबत्ती यात्रा में आपकी उपस्थिति और समर्थन के लिए हम आभारी हैं।

कश्मीर के पहलगाम में हुई दर्दनाक घटना के विरोध में आयोजित इस कार्यक्रम में आपकी एकजुटता ने हिन्दू एकता का एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस दर्दनाक घटना पर आदर्श नगर के सभी निवासियों, ट्रेड यूनियन, मजलिस पार्क, केवल पार्क, आदर्श नगर एक्सटेंशन के आरडब्ल्यूए के सदस्यों और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर अपना समर्थन दिया।

हमें विश्वास है कि यह एकजुटता सरकार और अन्य संबंधित पक्षों तक पहुंचेगी और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें। इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया के अलावा एसोसिएशन के प्रधान विजय तालरा, महासचिव राकेश जुनेजा, कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, सहसचिव नितिन जैन, उपाध्यक्ष निकेश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 'दिल्ली में डीटीसी बसों की भारी कमी के चलते चरमराई परिवहन व्यवस्था'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। बसों की कमी के चलते इस भीषण गर्मी में जब दिल्ली में जानलेवा लू चलनी शुरू हो गई है, ऐसे में बसों से यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों को तेज धूप में बस स्टॉप पर शैल्टर न होने पर भी घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिसके कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार और भाजपा की वर्तमान दिल्ली सरकार बस स्टॉप



पर शैल्टर बना पाने में पूरी तरह से विफल रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुधार करने की बात दूर है उल्टा भाजपा की दिल्ली सरकार के समय में 2000 से ज्यादा डीटीसी की बसें हटा दी गई है।

## कश्मीर आतंकी हमले में मरने वाले को जिला कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पहलगाम कश्मीर में** हुए आतंकी हमले से पूरे देश में गम का माहौल है। आम भारतीय काफी आक्रोश में है और जगह-जगह श्रद्धांजलि सभाएं और कैंडल मार्च निकाल रहे हैं।

करावल नगर जिला कांग्रेस ने भी श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से सभी लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर उत्तर पूर्वी लोकसभा प्रभारी मनोज यादव, रमेश सब्बरवाल, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला प्रभारी लक्ष्मण रावत, दीपक वशिष्ठ और फरीद शाह मौजूद रहे। वहीं





मल्कागंज ब्लॉक कांग्रेस ने भी अध्यक्ष नेत्रपाल आर्य के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के साथ अनेक लोगों ने हिस्सा लिया। इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए सभी ने एक सुर में एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि हम सभी इस दुख की घड़ी के पीड़ित परिवारों के साथ हैं और चाहते हैं कि सरकार कड़ी कार्यवाही करते हुए इन आतंकियों का समूल खात्मा करे। क्योंकि जिस तरह से सुनने में आया है कि आतंकियों ने धर्म पूछकर इस जघन्य नर संहार को अंजाम दिया उससे साफ स्पष्ट हो जाता है कि पाक परस्त आतंकी देश की एकता अखंडता का विघटन करना चाहते हैं। वह चाहते हैं हमारे देश में धर्म के नाम वैमनस्य को बढ़ावा मिले ताकि उनका काम आसान हो सके। लेकिन हम गांधी के पदचिन्हों पर चलने वाले लोग हैं और अनेकता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हम सभी एक थे और एक ही रहेंगे।

# अशोक विहार के दीप मार्किट में ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी ने मनाया पृथ्वी दिवस







- इस दौरान बच्चों, व्यापारियों और ज्ञान आधार वेलफेयर के सदस्यों ने भी वृक्षारोपण किया।
- व्यापारियों ने भी रैली में हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण तथा प्लास्टिक थैलियों का उपयोग न करने की शपथ भी ली।

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: ज्ञान आधार** वेलफेयर सोसाइटी के बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर दीप मार्केट, अशोक विहार में पर्यावरण संरक्षण पर रैली निकाली तथा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से नुक्कड़ नाटक, कविताएं, नारे और गाने मुख्य रहे। रैली में दीप मार्केट व्यापारी संघ का भी पूरा सहयोग मिला। व्यापारियों ने भी रैली में हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण तथा प्लास्टिक थैलियों का उपयोग न करने की शपथ ली। हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग और पृथ्वी को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करना है। इसकी शुरूआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका में पर्यावरण कार्यकर्ताओं के एक समूह द्वारा की गई थी और समय के साथ यह एक अंतरराष्ट्रीय पहल बन गई, जिसमें अब 190 से अधिक देश शामिल हैं। इस अवसर पर बच्चों, व्यापारियों और ज्ञान आधार के सदस्यों ने भी वृक्षारोपण किया।

# हिंदू मां-बहनों के सामने उनका सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों को मिलेगी सजा: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुरः पहलगाम** आतंकी हमले का शिकार बने कानपुर के शुभम द्विवेदी के पैतृक गांव हाथीपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्थिव शरीर को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। परिवार को ढांढस बंधाने के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पहलगाम में घटी आतंकी घटना क्रूर, वीभत्स और कायराना है। यह घटना बताती है कि आतंकवाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है। जिस प्रकार हिंदू मां-बहनों के सामने उनके सिंदूर के साथ बर्बरता की गई, उन आतंकियों व उनके आकाओं को सजा जरूर मिलेगी।
उन्होंने परिवार समेत पूरे प्रदेश और देश के लोगों को भरोसा जताया कि



यह सरकार आतंकी और उग्रवादी घटनाओं को जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है और जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है, पूरी शक्ति से आतंक के इन विषैले फनों को कुचला जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग इस साजिश का हिस्सा बने हैं, उन्हें परिणाम भुगतना होगा और आप सभी इसके साक्षी बनेंगे।

**आतंक के ताबूत में अंतिम कील ठोकने की हुई शुरूआतः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह घटना बताती है कि आतंकवाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है। निर्दोष पर्यटकों पर उनकी जाति और धर्म पूछकर हमला किया गया। यह कोई सभ्य समाज

**सजा मिलेगी**

**जिस प्रकार हिंदू मां-बहनों के सामने उनके सिंदूर के साथ बर्बरता की गई, उन आतंकियों व उनके आकाओं को सजा जरूर मिलेगी**

स्वीकार नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोकने की शुरूआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को सीसीएस की बैठक में कड़े निर्णय लिए गए हैं।

गृह मंत्री ने स्वयं उन क्षेत्रों का दौरा किया जहां यह घटना घटी है। आगे की रणनीति के साथ ही आतंकवाद और उग्रवाद के खात्मे के लिए अब पूरा भारत आगे बढ़ा है।

**शुभम के परिवार के साथ खड़ी है डबल इंजन सरकारः** मुख्यमंत्री ने कहा कि शुभम द्विवेदी परिवार का एकमात्र पुत्र था। दो महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। हम सभी दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हैं और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। इस घड़ी में पूरा देश इस अमानवीय और बर्बर कृत्य की निंदा करता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरे परिवार के साथ खड़ी है। मालूम हो कि शुभम का शव बुधवार रात को लखनऊ और फिर देर रात कानपुर पहुंचा। सीएम योगी के निर्देश पर शुभम का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान से किए जाने की व्यवस्था की गई।

# पहलगाम हमले के विरोध में हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, पाकिस्तान का पुतला फूंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**जौनपुरः जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में दो दिन पूर्व मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गये हैं। आतंकियों के इस कायराना हमले का विरोध पूरे देश और उत्तर प्रदेश में भी हो रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगें रखी गईं। इसमें सबसे पहली मांग है कि हमले में शामिल आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उन्हें मृत्युदंड की सजा दी जाए। दूसरी मांग में जम्मू-कश्मीर में हिंदू यात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए



स्थायी व्यवस्था हो। तीसरी मांग है कि आतंकी हमले में मारे गये मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। चौथी मांग में सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाने पर जोर दिया गया। पांचवीं मांग में धार्मिक आधार पर की जाने वाली हिंसा को राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में रखकर कड़ी कार्रवाई की जाए। संगठनों ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वहीं कलेक्ट्रेट में अधिवक्ता संघ ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान का प्रतीकात्मक पुतला फूंका है। पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए।

## संक्षिप्त खबरें

### आतंकवादियों को शीघ्र गिरफ्तार कर मृत्युदंड दिया जाए : अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद

**मुरादाबाद**
**अंतरराष्ट्रीय** हिन्दू परिषद मुरादाबाद इकाई ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी घटना में शामिल सभी आतंकवादियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम दंड मृत्युदंड दिया जाए। इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हिंदू यात्रियों व पर्यटकों की सुरक्षा के लिए स्थायी व प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, मृतकों के परिवारों को उचित आर्थिक सहायता एवं मृतक के एक परिजन को सरकारी सेवा प्रदान की जाए। इस दौरान विभाग महामंत्री गौरव सैनी, अक्षय शुक्ला, गंगा राणा, जतिन प्रजापति, अमित कश्यप, अरुण, दीप खुराना, संदीप, अमन, देवीलाल, आनंद प्रजापति, चरण सिंह, नेमचंद्र, अभिषेक श्रीवास्तव, दिशांत सैनी, शिवम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### प्रयागराजः बेकाबू कार की टक्कर से सगे भाइयों की मौत

**प्रयागराज**
**सराय** ममरेज थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात बेकाबू कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार सगे भाइयों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने गुरुवार को बताया कि हंडिया थाना क्षेत्र के महाजना गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह (40) पुत्र उदयराज सिंह और उसका छोटा भाई अजय सिंह (38) प्रयागराज में रहकर छोटा कारोबार करते थे। बीती देर शाम शहर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर दोनों भाई चौथी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए। वापस घर लौटते समय रास्ते में सराय ममरेज थाना क्षेत्र में दुगार्गंज मार्ग पर एक बेकाबू कार ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मारी दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार में सवार सभी लोग गाड़ी छोड़कर भाग निकले। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर परिवार को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### थानाध्यक्ष का युवक को पीटते वीडियो वायरल, लाइन हाजिर

**जौनपुर**
**मुंगरा** बादशाहपुर थानाध्यक्ष (एसओ) विनोद मिश्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वीडियो में थानाध्यक्ष एक युवक को खंभे से बांधकर पट्टे से पीटते दिख रहे हैं। बुधवार को इस मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। एसपी ने गुरुवार को बताया कि जांच में अभी तक जो जानकारी मिली है उसके आधार पर पीड़ित युवक ने किसी काम के लिए थानाध्यक्ष को पैसे दिए थे। काम न होने पर जब युवक ने अपने पैसे वापस मांगे, तो उन्होंने उसे खंभे में बांधकर बेरहमी से पीट दिया। उन पर यह पहला आरोप नहीं है। इससे पहले बदलापुर में अपने कार्यकाल के दौरान भी विनोद मिश्रा पर धन उगाही के आरोप लगे थे। मुंगरा बादशाहपुर में भी कई लोगों ने उन पर पैसे लेने का आरोप लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनकी जगह मुंगरा बादशाहपुर थाने की कमान दिलीप सिंह को सौंपी गई है।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट पर कैंडल जलाया

**वाराणसी**
**कश्मीर** के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार की भोर (ब्रह्म मुहूर्त) में श्री काशी विश्वनाथ नेमी भक्त मंडल ने श्रद्धा और आक्रोश का मिलाजुला स्वरूप प्रस्तुत किया। बाबा विश्वनाथ के दर्शन व पाठ के बाद भक्तों ने मंदिर के गेट नंबर 4 पर कैंडल जलाकर हमले के प्रति विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर उपस्थित शिवभक्तों ने आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए मौन साधकर बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना की। इससे पूर्व दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती के दौरान भी गहरी संवेदना प्रकट की गई। आरती में शामिल अर्चकों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। सात अर्चकों ने मां गंगा में दीपदान कर दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना की। इस श्रद्धांजलि सभा में गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# मेडिकल पास कराने के नाम पर 30 हजार रुपये की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मीरजापुरः उप्र पुलिस** एवं प्रोन्नत बोर्ड की आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत 22 अप्रैल से चल रहे मेडिकल परीक्षण के दौरान मीरजापुर पुलिस लाइन में बुधवार को ठगी की घटना सामने आई। मेडिकल परीक्षण के लिए अन्दर गए अभ्यर्थियों के अभिभावक पुलिस लाइन के बाहर प्रतीक्षा कर रहे थे। इसी दौरान एक अभिभावक से मेडिकल पास कराने के नाम पर 30 हजार रुपये की ठगी की गई। पीड़ित अभिभावक ने बताया कि पड़री थाना क्षेत्र निवासी दीनदयाल सिंह ने उसके पुत्र के मेडिकल में फेल होने और चिकित्सकों से "अच्छी पकड़" होने का हवाला देकर पैसे लिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीनदयाल सिंह पुत्र रामबिलास सिंह निवासी बेलवन, थाना पड़री को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित अभ्यर्थी के पिता की तहरीर पर थाना कोतवाली शहर में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओपी सिंह ने गुरुवार को बताया कि पूछताछ में अभियुक्त ने ठगी की बात स्वीकार की है। एक अन्य व्यक्ति की संलिप्तता का खुलासा किया है।

# यूपी के गाजियाबाद से केसीएफ का संदिग्ध आतंकी मंगत सिंह गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः उत्तर प्रदेश** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की नोएडा टीम और गाजियाबाद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में बुधवार रात में संदिग्ध आतंकवादी मंगत सिंह उर्फ मंगा को गिरफ्तार कर लिया। उसे गाजियाबाद के विवेकानंद नगर से पकड़ा गया है। वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) का सक्रिय सदस्य है। वह पिछले तीस साल से फरार था। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एटीएस के अधिकारियों ने बताया

**काबू**

**अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 12 दिसम्बर को कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था**

कि मंगत सिंह उर्फ मंगा इससे पहले 11 मार्च, 1993 को गिरफ्तार हुआ था। दो साल बाद जमानत पर छूटने के बाद वह भूमिगत हो गया था। वह मूल रूप से पंजाब के अमृतसर जिले के टिममोवाल खिलचियां का रहने वाला है। पिछले काफी समय से वह गाजियाबाद के कविनगर के विवेकानन्द नगर में छुपकर रह रहा था। उसके खिलाफ गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना में टाडा के तहत मुकदमा दर्ज था। इस केस में ही उसे जेल भेजा गया था। उसे 16 अगस्त 1995 को जमानत मिली।
वह पेशी पर भी नहीं जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 12 दिसम्बर को कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। वह काफी समय तक अमृतसर के खिलचियां इलाके में छुपकर रहा था।

# अधेड़ ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**औरैयाः फफूंद** क्षेत्र में तिलक समारोह में न ले जाने पर शराब पीकर घर आये अधेड़ ने नाराजगी में फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई की। फफूंद थाना प्रभारी जय प्रकाश पाल ने बताया कि इलाके के गांव बिलन्दपुर निवासी रविन्द्र कुमार (45) मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार को गांव में सुरेंद्र कुमार के पुत्र नितिन का तिलक समारोह था। जिसमें रविन्द्र का परिवार शामिल था। देर रात रविन्द्र कुमार शराब के नशे में घर पहुंचा। नशे में होने के चलते परिजन उसे एक कमरे में बन्द करके तिलक समारोह में चले गये।

# राजकीय सम्मान के साथ शुभम को दी गयी अंतिम विदाई, चाचा ने दी मुखाग्नि

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुरः जम्मू** कश्मीर के पहलगाम में सोमवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के कारोबारी शुभम द्विवेदी का गुरुवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। ड्योढ़ी घाट स्थित उनके चाचा नरेंद्र द्विवेदी ने उन्हें मुखाग्नि दी। हाथीपुर गांव से उठी शवयात्रा में शामिल हुए हजारों लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए विरोध जाहिर किया। मृतक शुभम द्विवेदी की पत्नी एशान्या लगातार अपने पति के पार्थिव शरीर के पास बैठकर रोती रहीं। वह पिछले दो दिनों से शुभम की शर्ट पहन रखी थी। शवयात्रा निकलते ही उन्होंने उसे

**विदाई दी**

**मौजूद अन्य सभी लोगों से उनका धर्म पूछकर बारी-बारी से मारकर हत्या कर दी**

उतार कर सीने से लगाया और फिर चीख-चीखकर रोईं। उन्होंने बताया कि सोमवार को हम लोग पहलगांव में पहाड़ियों पर मैगी खाने रुके थे। पता नही कहां से एक बंदूकधारी युवक आया। उसने बंदूक को साइड में रखकर शुभम से पूछा की हिन्दू हो या मुसलमान उसकी बात सुनकर शुभम ने हँसते हुए कहा कि ये कैसा सवाल है? उन दोनों के बीच हो रही बात पर मैंने गौर किया। तो आतंकवादी ने मुझसे भी पूछा मुसलमान हो तो कलमा सुनाओ मैंने कहा कि हम हिन्दू हैं। बस यह सुनते ही उसने पहली हत्या मेरे पति की करते हुए सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही शुभम जमीन पर गिर पड़े इसी तरह से उन्होंने मेरी आँखों के सामने हमारे साथ मौजूद अन्य सभी लोगों से उनका धर्म पूछकर बारी-बारी से मारकर हत्या कर दी। पति की मौत के बाद मैंने कहा कि मुझे क्यों जिंदा छोड़ा है।

# मथुरा में बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी की गोली मारकर हत्या

**मथुराः गोविंद** नगर क्षेत्र में बुधवार देर रात मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। एसएसपी श्लोक कुमार ने मामले के खुलासे के लिए चार टीमें गठित की हैं। एसएसपी ने बताया कि बिल्डिंग मैटेरियल का कारोबार करने वाले हेमेंद्र गर्ग उर्फ हेमू बुधवार को मथुरा वृंदावन रोड स्थित राधेश्याम अस्पताल में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जैसे ही वह बाहर निकले, बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली व्यापारी को लगी, जिसमें वह घायल हो गए।

# अब आतंकवाद अपनी अंतिम सांसे ले रहा है : योगी आदित्यनाथ

## सैलानियों को आतंकवादियों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुरः जम्मू** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए कारोबारी शुभम द्विवेदी समेत उन सभी हत्याओं का बदला लिया जाएगा। जिन बेगुनाह निहत्थे सैलानियों को आतंकवादियों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है। जिसकी शुरूआत हो चुकी है। अब आतंकवाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है। दहशतगर्दियों ने महिलाओं के सामने ही उनके सुहाग को उजाड़ा है। जिसका बदला हमारी डबल इंजन की सरकार लेकर रहेगी। यह बातें गुरुवार को कानपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। देर रात जैसे ही शुभम का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा। वैसे ही चारों तरफ चीख पुकार मच गई। परिजन एक दूसरे के कंधे पर सिर रखकर रोते हुए नजर आए। पीड़ित परिजनों से मिलने और शुभम को श्रद्धांजलि देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हाथीपुर गांव पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत करते हुए उनका ढांढस बंधाया। इस दौरान शुभम की पत्नी एशान्या ने कहा कि मेरे सामने ही मेरे पति के सिर पर गोली मार दी

**लेंगे बदला**

**आतंकी हमले में मारे गए कारोबारी शुभम द्विवेदी समेत उन सभी हत्याओं का बदला लिया जाएगा**

गई लेकिन इससे पहले उनका धर्म पूछा गया। कोई समझ पाता इससे पहले ही वहां पर मौजूद सभी लोगों को बारी-बारी से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। सीएम ने परिजनों का दुख बांटते हुए कहा कि इस विपरीत स्थिति में शासन से लेकर प्रशासन तक परिवार के साथ है। आतंकवादियों ने इस नापाक घटना को अंजाम दिया है। जिसका मुंह तोड़ जवाब देने का समय आ चुका है। अब आतंकवादियों के ताबूत में आखिरी कील ठौंकने की शुरूआत भी हो चुकी है। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। जिन लोगों ने भी इस घटना को अंजाम दिया है। उनके प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति देखने को मिलेगी। जिस तरह से आतंकियों ने बेकसूर लोगों की हत्या की है।

# मुठभेड़ में दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, एक को गोली लगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**फिरोजाबादः सिरसागंज** थाना पुलिस ने बुधवार देर रात दो हिस्ट्रीशीटर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल एक अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया ने बताया कि 14 अप्रैल को थाना सिरसागंज पर मुकदमा दर्ज हुआ कि गांव नगला चंदी के सामने अरांव रोड पर अज्ञात व्यक्तियों ने एक मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया है। इसके खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गयी थीं। थानाध्यक्ष सिरसागंज वैभव कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ बुधवार देर



रात क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि लूट के वांछित अभियुक्त फिर से किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहे हैं। टीम ने कोरारा रोड पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस टीम को देखकर मोटर साइकिल पर सवार दो संदिग्धों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ में एक अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे साथी समेत गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी ने बताया कि घायल की पहचान सिरसागंज के नगला नन्दे निवासी देवेश उर्फ दीपू जाटव और उसके साथी लोकेश उर्फ रॉकी उर्फ टोनी सिंह के रूप में हुई है। अभियुक्तों के पास से एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल, दो अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस एवं तीन खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अभियुक्तगणों के विरुद्ध गैंगस्टर, चोरी, लूट, मारपीट, जानलेवा हमला एवं अवैध असलहा सम्बन्धी गम्भीर धाराओं में करीब 36 अभियोग फिरोजाबाद व मैनपुरी जिलों के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**औरैयाः** जनपद इटावा के लवेदी थाना क्षेत्र के अस्तपुरा गाँव निवासी युवक एक महीना पहले औरैया जनपद के फफूँद थाना क्षेत्र के पसईपुर केशमपुर गांव में अपनी ननिहाल आया था। बुधवार की बीती रात शराब के नशे में अपने घर जाने की जिद कर अपनी नानी से झगड़ रहा था। नशे की हालत में घर से निकल गया। रात को ननिहाल के लोगों ने तलाश की ' गुरुवार सुबह गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक दूसरे गांव के बाहर खेत में खड़े पेड़ से उसका शव लटका मिला ' सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जनपद इटावा के

**मामला दर्ज**

**बुधवार की बीती रात शराब के नशे में अपने घर जाने की जिद कर अपनी नानी से झगड़ रहा था**

लवेदी थाना क्षेत्र के गाँव अस्तपुरा निवासी दलवीर सिंह का सत्तरह वर्षीय पुत्र गंभीर दोहरे फफूँद थाना क्षेत्र के गाँव पसईपुर केशमपुर निवासी अपने नाना ध्रुपलाल के घर एक महीना पहले आया था ' गुरुवार सुबह गाँव केशमपुर पसईपुर से लगभग तीन किलोमीटर दूर गाँव दसरौरा के बाहर आम के पेड़ से उसका शव लटकशा मिला। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई।
ननिहाल वालों ने उसकी पहचान की। मृतक की माँ किरन देवी का स्वर्गवास हो गया था। मृतक के छोटे भाई प्रांशु आयु लगभग पंद्रह वर्ष ने बताया कि माँ के गुजर जाने के बाद बड़ा भाई मृतक गंभीर और बहन उपासना सोलह वर्ष अक्सर अपनी नानी जय देवी के पास आकर रहते थे ' बड़ा भाई भी लगभग एक महीने पहले नानी के घर आया था। बुधवार की रात अधिक शराब पी लेने के कारण वह नानी से घर जाने की जिद करने लगा था। मना करने के बाद भी रात लगभग नौ बजे घर से भाग गया। ननिहाल के लोगों ने रात में काफी खोजबीन की लेकिन

# बेकाबू कार ट्रैक्टर ट्राली से टकराई, पिता-पुत्र की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र के सीतापुर हाईवे पर गुरुवार को बेकाबू कार सड़क किनारे खड़े एक ट्राली में पीछे से जा घुसी। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई और तीन लोग घायल हैं। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि बरेली जिले के सुभाषनगर में रहने वाले विकास चंद्र हजेला अपने बेटे गौरव हजेला, बहू प्राची और नाती अयान कार से अयोध्या रामलला के दर्शन करने जा रहे थे। आज सुबह लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-



ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में कार सवार विकास चंद्र हजेला और उनके बेटे गौरव हजेला की मौत हो गई। जबकि बहू प्राची, नाती अयान और चालक अर्पित घायल हो गये। इनमें महिला और उसके बेटे की हालत नाजुक है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दबाव में झूठे मुकदमे दर्ज कर रहा प्रशासनः राघवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः पहलगाम** आतंकी हमले के विरोध में जवाहर नगर गुरुधाम स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय पर युवा कांग्रेस के किए गए प्रदर्शन के बाद दर्ज हुए मुकदमे को लेकर कांग्रेस में रोष व्याप्त है।
कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने गुरुवार को प्रशासन पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें प्रताड़ित

**जनसंपर्क**

**जब हमारे कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से प्रधानमंत्री कार्यालय का घेराव किया**

किया जा रहा है, जो लोकतंत्र और संविधान का खुला अपमान है। इसकी जितनी निंदा की जाए, कम है।
राघवेंद्र चौबे ने दोहराया कि जब पिछले सप्ताह भाजयुमो कार्यकताओं ने मैदागिन स्थित कांग्रेस कार्यालय के नीचे विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला जलाया और चितईपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में भी इसी तरह की घटना हुई, तब प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

लेकिन जब हमारे कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से प्रधानमंत्री कार्यालय का घेराव किया, तो उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें परेशान किया जा रहा है।

**फास्ट न्यूज**

## मध्य प्रदेश में तेज गर्मी का सितम जारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आसमान से आग बरस रही है। प्रदेश के रतलाम जिले में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। आज गुरुवार को 21 जिलो में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राज्य में अगले दो से तीन दिन में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश होने का अनुमान जताया है। इससे पहले पूरे प्रदेश में लू का अलर्ट है।

मौसम विभाग के अनुसार, आज गुरुवार को इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, सागर संभाग में भी ज्यादा गर्मी रहेगी। यहां के जिलों में लू का अलर्ट है। इसके बाद दो दिन पूर्वी और दक्षिणी हिस्से के जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे पहले गुरुवार को 21 जिलों में हीट वेव यानी, लू चलेगी। इनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, नीमच, मंदसौर, रतलाम, खंडवा, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, उमरिया, सतना, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले शामिल हैं। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर समेत अन्य जिलों में गर्मी का असर तेज रहेगा। यहां पारा 42 डिग्री के पार ही पहुंच सकता है।

## कोटा में नीट अभ्यर्थी ने की आत्महत्या

**कोटा।** कोटा में नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह उसका शव लैंडमार्क सिटी के पास रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्र ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी। शव के पास मिले मोबाइल फोन के माध्यम से उसकी पहचान की गई, जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस अधिकारी अरविंद भारद्वाज के अनुसार, मृतक छात्र की पहचान रोशन शर्मा (23) के रूप में हुई है।

# आतंक के विषैले फनों को कुचला जाएगा: सीएम योगी

**पहलगाम आतंकी हमले का शिकार बने कानपुर के शुभम द्विवेदी के अंतिम दर्शन करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सीएम योगी ने शुभम के पार्थिव शरीर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, पत्नी से सुनी आतंकी घटना की पूरी आपबीती, मुख्यमंत्री ने परिवार को दी सांत्वना**

**राजकीय सम्मान**

**सीएम योगी ने शुभम के पिता से बातचीत की और उनकी पत्नी से पूरी आपबीती सुनी**





**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर :** पहलगाम आतंकी हमले का शिकार बने कानपुर के शुभम द्विवेदी का गुरुवार को ड्योढ़ी घाट पर हजारों लोगों की मौजूदगी में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कानपुर के लाल को अंतिम विदाई दी। परिवार को सांत्वना देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह शुभम के हाथीपुर (कानपुर) स्थित आवास पर पहुंचे और वहां उन्होंने शुभम के पार्थिव शरीर को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शुभम के पिता से बातचीत की और उनकी पत्नी से पूरी आपबीती सुनी। परिवार को ढांढस बंधाने के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पहलगाम में घटी आतंकी घटना क्रूर, वीभत्स और कायराना है। यह घटना बताती है कि आतंकवाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है। उन्होंने परिवार समेत पूरे प्रदेश और देश के लोगों को भरोसा जताया कि यह सरकार आतंकी और उग्रवादी घटनाओं को जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है और जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है पूरी शक्ति से आतंक के इन विषैले फनों को कुचला जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग इस साजिश का हिस्सा बने हैं, उन्हें परिणाम भुगतना होगा और आप सभी इसके साक्षी बनेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि हिंदू मां बहनों के साथ उनके सामने ही उनके सिंदूर के साथ जो बर्बरता की गई है, इसी प्रकार से आतंकवादियों और उनके आकाओं को उसकी सजा जरूर मिलेगी।

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति

*मुख्यमंत्री ने कहा कि शुभम द्विवेदी परिवार का एकमात्र पुत्र था। 2 महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। हम सभी दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हैं और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। इस घड़ी में पूरा देश इस अमानवीय और बर्बर कृत्य की निंदा करता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरे परिवार के साथ खड़ी है। याद रखना यह डबल इंजन की सरकार है और यह सरकार किसी भी बर्बर और अमानवीय आतंकी घटना को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य करना जानती है। यह वो सरकार नहीं जो आतंकवादियों पर दायर मुकदमों को वापस लेती हो या वहां भी अपना वोट बैंक देखती हो।*

### सीएम योगी ने परिवार के साथ बांटा दर्द

**मालूम** हो कि शुभम का शव बुधवार रात को लखनऊ और फिर देर रात कानपुर पहुंचा। सीएम योगी के निर्देश पर शुभम का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान से किए जाने की व्यवस्था की गई। इस दुख की घड़ी में सीएम योगी भी परिवार के लोगों का दुख दर्द बांटने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शुभम के पिता और फिर पत्नी से बातचीत की और पूरी आपबीती सुनी। शुभम की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, सांसद रमेश अवस्थी, मंत्री प्रतिभा शुक्ला समेत विधायक और अधिकारीगण मौजूद रहे।




बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस कार्यालय में महागठबंधन की बैठक के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और अन्य लोग।

## भारत सरकार पीओके पर कब्जा करे- हनुमान

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सांसद हनुमान बेनीवाल ने केंद्र और राजस्थान सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुई आतंकी घटनाओं को सरकार की विफलता बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार समय पर कार्रवाई करती तो हालात इतने भयावह नहीं होते। बेनीवाल ने कहा कि "जम्मू-कश्मीर में 27 से अधिक निर्दोष लोगों की हत्या हुई है, यह सरकार की असफलता है। कारगिल जैसी घुसपैठ दोबारा न हो, इसके लिए सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। अब वक्त आ गया है कि भारत सरकार पीओके पर कब्जा करे।" उन्होंने कहा कि केवल बयानबाजी से आतंकवाद खत्म नहीं होगा। अब ठोस कदम उठाने होंगे। इसके साथ ही उन्होंने अग्निपथ योजना को भी समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि कोई भी युवा सिर्फ चार साल के लिए सेना में क्यों जाएगा।

## कश्मीर की खुशहाली पर नहीं आने देंगे आंच : डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने महत्वपूर्ण प्रतिबंधात्मक निर्णय लिए हैं। केन्द्र सरकार के यह फैसले देश के स्वाभिमान को बढ़ाने वाले हैं। ये महत्वपूर्ण फैसले अपने नागरिकों के प्रति केन्द्र सरकार की संवेदनशीलता को भी दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि जम्मू-कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। केन्द्र सरकार ने यहां वर्षों से चली आ रही परेशानियों को समाप्त कर खुशहाली और स्वच्छंद पर्यटन का वातावरण तैयार किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पहलगाम में कायराना हरकत करने वालों के खिलाफ निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी। मध्य प्रदेश सरकार सभी परिस्थितियों में केन्द्र सरकार के साथ है। देश कश्मीर की खुशहाली पर आँच नहीं आने देगा।



**संवेदनशीलता**

**वर्षों से चली आ रही परेशानियों को समाप्त कर खुशहाली और स्वच्छंद पर्यटन का वातावरण तैयार किया है।**

# उत्तराखंड में रोजगार का साधन बनेगी संस्कृत शिक्षा: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की द्वितीय भाषा संस्कृत को रोजगार से जोड़ने जाने की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की द्वितीय भाषा संस्कृत को रोजगार से जोड़ने जाने की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ, कर्मकांड, वेद में सर्टिफिकेट कोर्स के साथ ही 16 संस्कार के बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। पहले चरण में 100 बच्चों को और उसके बाद हर साल एक लक्ष्य निर्धारित कर युवाओं को 16 संस्कारों का प्रशिक्षण दिया जाए। संस्कृत के क्षेत्र में शिक्षण, लेखन एवं संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्द्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों को प्रत्येक वर्ष सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाए। उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी की सामान्य समिति की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने यह कहा। उन्होंने कहा कि संस्कृत को राज्य में बढ़ावा देने के लिए स्कूल और कॉलेज में संस्कृत वाद-विवाद, निबंध लेखन, श्लोक प्रतियोगिताएं कराई जाए, इसके लिए प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी तैनात किए जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए की कि सभी कार्यालयों में नाम पट्टिका संस्कृत भाषा में भी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यों की बेस्ट प्रेक्टिस का अध्ययन करने के साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संस्कृत को जोड़ने के लिए और प्रभावी प्रयास किये जाएं।

### सिंधु जल संधि पर रोक पाकिस्तान को करारा जवाब

*टीम एक्शन इंडिया*

*देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत ने सिंधु जल संधि पर रोक लगाकर पाकिस्तान को करार जवाब दिया है। मुख्यमंत्री धामी ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सीसीएस बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लिए गए ऐतिहासिक और कठोर निर्णय पर अब कार्रवाई प्रारंभ हो चुकी है। उठाए गए ये साहसिक कदम न केवल आतंकवाद के खिलाफ भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर मुहर लगाते हैं, बल्कि इससे दुश्मनों को भी यह स्पष्ट संदेश गया है कि भारत हर एक आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने का तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सिंधु जल संधि पर रोक लगाकर साफ कर दिया है कि अब खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।*

## सीमा पार से प्रायोजित कायरतापूर्ण हमला पूरी तरह अस्वीकार्यः शेखावत

**टीम एक्शन इंडिया**

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि पहलगाम में हुआ कायरतापूर्ण हमला सीमा पार से प्रायोजित था, जो हृदयविदारक, निंदनीय के साथ ही पूरी तरह अस्वीकार्य घटना है। केंद्रीय मंत्री ने इस आतंकी हमले में मारे गए जयपुर के रहने वाले नीरज उधवानी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है। उनके नेतृत्व में सरकार ने उरी और पुलवामा हमलों के जवाब में जिस तरह स्ट्राइक की, उससे पूरी दुनिया को यह कड़ा संदेश गया था कि भारत किसी भी भारत विरोधी गतिविधि को स्वीकार नहीं करेगा और उसका कड़ा जवाब देगा।

बता दें कि नीरज उधवानी की पार्थिव देह बुधवार शाम को दिल्ली के रास्ते जयपुर पहुंची थी। केंद्रीय मंत्री दिल्ली से जयपुर एयरपोर्ट तक नीरज के पार्थिव देह के साथ पहुंचे थे।

**बिलखत** *पति की चिता के पास हाथ जोड़कर खड़ी रही पत्नी, झालाना स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया*

# आतंकी हमले में मारे गए नीरज को बड़े भाई ने दी मुखाग्नि



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए जयपुर निवासी नीरज उधवानी (33) का गुरुवार को झालाना स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े भाई किशोर उधवानी ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान पत्नी आयुषी बिलखती रही और बार-बार उनके पार्थिव शरीर को देखती रही। परिवारजन उन्हें लगातार सांत्वना देने की कोशिश करते रहे, लेकिन उनका गम थमने का नाम नहीं ले रहा था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार सुबह मालवीय नगर स्थित फॉरेस्ट व्यू अपार्टमेंट पहुंचे और नीरज को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने नीरज की माता ज्योति से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री को देखते ही ज्योति भावुक हो उठीं और रोने लगीं। मुख्यमंत्री ने उनके आंसू पोंछते हुए सांत्वना दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई अन्य नेता भी उपस्थित थे। बुधवार रात 8:15 बजे उनका पार्थिव शरीर इंडिगो फ्लाइट से जयपुर लाया गया। वे मालवीय नगर स्थित फॉरेस्ट व्यू रेजीडेंसी में रहते थे और पत्नी के साथ कश्मीर घूमने गए थे। हमले के बाद आयुषी ने फोन पर जेठ किशोर को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद वे तुरंत कश्मीर रवाना हुए।

**झकझोर दिया**

**निंदा करते हुए कहा कि यह कायराना हमला न सिर्फ देश बल्कि मानवता के लिए भी झकझोर देने वाला है**

